

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | गुरुवार, 04 दिसंबर 2025 | वर्ष: 03, अंक: 273 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## संसद में हाई वोल्टेज ड्रामा: विपक्ष न किया हंगामा

### विपक्ष ने श्रम कानून के खिलाफ सरकार को घेरने की योजना बनाई, पोस्टर और बैनर लेकर विपक्षी दल के सदस्य नारेबाजी करते दिखाई दिए

**नई दिल्ली**

संसद सत्र का तीसरा हंगामेदार रहा। पहला और दूसरा दिन हंगामे के बीच बीता। पहले दिन विपक्ष ने एसआईआर को लेकर मोर्चा खोला था, तो दूसरे दिन संचार साथी एप को लेकर सरकार पर हमला बोल दिया। नतीजतन लोकसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी थी। यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। संसद सत्र के तीसरे दिन विपक्ष ने फिर से हंगामा करना शुरू कर दिया है। विपक्ष ने श्रम कानून के खिलाफ सरकार को घेरने की योजना बनाई है। संसद परिसर में पोस्टर और बैनर लेकर विपक्षी दल के सदस्य नारेबाजी करते दिखाई दिए। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद हैं। विपक्ष के हंगामे पर बात करते हुए बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने कहा, "यह लोग सिर्फ मीडिया का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। जनता ने इनको अस्वीकार कर दिया है। अब यह संसद के सामने खड़े होकर स्पीकर के खिलाफ बोलते हैं। उनके पास अब कुछ और करने के लिए नहीं बचा है।"

**बहस के लिए तैयार है सरकार: बीजेपी**

सरकार विपक्ष के हंगामे का करारा जवाब देने के लिए तैयार है। बीजेपी सांसद दिनेश शर्मा के अनुसार, "सरकार पूरी तरह तैयार है। सरकार ने वंदे भारत और चुनाव सुधार पर बहस करने की घोषणा की है। यह पहले से निर्धारित था। ऐसे में विपक्ष ने बिना किसी वजह के दो दिन बर्बाद कर दिए और सदन की कार्यवाही बाधित कर दी।" संसद सत्र का तीसरा दिन शुरू होने से पहले कांग्रेस सांसद तारीक अनवर ने कहा, "देश में बहुत सारे राष्ट्रीय हित के मुद्दे हैं और हम उन सभी पर बहस करने के लिए तैयार हैं। सरकार जिस मुद्दे पर चाहे, उसपर चर्चा शुरू कर सकती है, लेकिन रक्षा सबसे पहली प्राथमिकता होगा।"

किरेन रिजिजू ने कहा, 'विपक्ष को मुद्दे ढूंढ-ढूंढकर लाने की जरूरत नहीं है। संसद में मुद्दे तय किए गए हैं, कई ऐसे भी हैं जो विपक्ष ने उठाए हैं। नए-नए मुद्दे ढूंढकर संसद को डिस्टर्ब करने के लिए बहाना बनाने की जरूरत नहीं है। मैं आज विपक्ष के प्रमुख नेताओं से बात करूंगा। मैं उनके टच में हूं।'



### संजय सिंह ने एसआईआर पर चर्चा का नोटिस दिया

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने काउंसिल ऑफ स्टेट्स (राज्य सभा) में रूल्स ऑफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट ऑफ बिजनेस के रूल 267 के तहत एसआईआर पर चर्चा के लिए एक मोशन पेश किया। लोकसभा में मणिपुर जीएसटी बिल पास हो गया। विपक्ष के भारी हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### दिल्ली की खराब हवा का मुद्दा संसद पहुंचा

संसद सत्र के तीसरे दिन विपक्ष श्रम कानून पर प्रदर्शन कर रहा है। इसी बीच कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ऑक्सीजन मास्क लगाकर संसद पहुंच गए। उनका कहना है, "हम इस जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए। प्रधानमंत्री को सामने आना चाहिए। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों को



प्रदूषण कम करने पर विस्तृत योजना बनानी चाहिए और इसके लिए बजट निर्धारित करना चाहिए।" प्रियंका गांधी ने संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल करने के के निर्देशों पर कहा, 'यह एक जासूसी ऐप है। यह मजाकिया है। नागरिकों को प्राइवेसी का अधिकार है। साइबर सिक्योरिटी की जरूरत है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह आपको हर नागरिक के टेलीफोन में जाने का बहाना दे। मुझे नहीं लगता कि कोई भी नागरिक खुश होगा।

### लोग प्रदूषण के कारण मर रहे हैं: रेणुका

संसद में कुत्ता लेकर पहुंची सांसद रेणुका चौधरी विवादों में हैं। उनके खिलाफ संसद में प्रस्ताव पेश किया गया है। इसपर प्रतिक्रिया देते हुए रेणुका चौधरी ने कहा, "लोग प्रदूषण के कारण मर रहे हैं। बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं। हमारे ऊपर श्रम कानून थोपे गए हैं। उन्हें (सरकार) इसकी चिंता नहीं है। रेणुका चौधरी का कुत्ता चर्चा का विषय बन गया संचार साथी एप को लेकर विपक्ष ने बीते दिन से ही हंगामा काट रखा है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का इसपर कहना है, "अफवाहों पर न जाएं, ऐसा नहीं है कि आप एप को फोन से नहीं हटा सकते हैं। समस्या यह है कि कई सारी अच्छी चीजों को नजरअंदाज कर दिया गया है।"

## संचार साथी ऐप: 'मोबाइल फोन में प्री-इंस्टॉलेशन जरूरी नहीं'




**नई दिल्ली**

संचार साथी ऐप को लेकर जारी भ्रम के बीच सरकार की ओर से सफाई सामने आई है। सरकार ने कहा कि मोबाइल फोन पर संचार साथी ऐप का प्री-इंस्टॉलेशन जरूरी नहीं है। मोबाइल फोन में संचार साथी ऐप को अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टाल करने के आदेश का विपक्ष की ओर से मुखर विरोध होने बाद केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि यह अनिवार्य नहीं होगा।

**यह एप पूरी तरह स्वैच्छिक और लोकतांत्रिक- ज्योतिरादित्य सिंधिया**

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को संसद में कहा कि यह ऐप पूरी तरह स्वैच्छिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ा है। यूजर्स चाहें तो ऐप को सक्रिय कर इसका लाभ ले सकते हैं और न चाहें तो वे किसी भी समय इसे अपने फोन से आसानी से डिलीट कर सकते हैं। संचार मंत्रालय ने सभी फोन निमार्ता कंपनियों को सोमवार को हैंडसेट की बिक्री से पहले उसमें संचार साथी ऐप अनिवार्य रूप से डालने का निर्देश दिया था। अगले 90 दिनों में इस निर्देश का पालन किया जाना है और अगले 120 दिनों में कंपनियां इस बारे में मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट देंगी। विपक्ष ने संचार साथी ऐप से लोगों की निगरानी व जासूसी करने का आरोप लगाया है। विपक्ष के आरोपों को गलत बताते हुए सिंधिया ने कहा कि ऐप के जरिये कोई जासूसी या काल मानिटरिंग नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा, "यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस एप को सभी तक पहुंचाएं। अगर आप इसे डिलीट करना चाहते हैं, तो डिलीट कर दें। अगर आप इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो इसे रजिस्टर न करें। अगर आप इसे रजिस्टर करेंगे, तो यह एक्टिव रहेगा। अगर आप इसे रजिस्टर नहीं करेंगे, तो यह इनएक्टिव रहेगा।"

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में चल रही सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पश्चिम बस्तर डिवीजन के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार सुबह से मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी जारी है, फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बस्तर आईजी सुंददराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम पश्चिम बस्तर डिवीजन के जंगल की तरफ सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। इसी बीच बुधवार को वहां पहले से ही घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों की गोलियों का जवाब दिया है।






# दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान है : न्यायमूर्ति विपिनचंद दीक्षित

## अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय खेलकूद संपन्न

## बीएसए ने छात्रों को किया प्रोत्साहित



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर आज जनपद स्तरीय खेलकूद / सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अनिल कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विपिन चंद दीक्षित उच्च न्यायालय इलाहाबाद, विशिष्ट अतिथि जीपी कुशवाहा प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज,अभय श्रीवास्तव उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रयागराज , अनिल कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, श्रीमती नीतू यादव वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया गया ।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विपिन चंद दीक्षित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान है, उन्हें शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हर संभव सहायता को पहुंचाना हम सब का कर्तव्य है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को सुगम शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है जो सराहनीय है।

जनपद के समस्त विकास खंडो से दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग कर विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। 100 मीटर दौड़ मे मूक बधिर बच्चों के लिये शिवम कुमार प्रथम, अब्दुल्ला द्वितीय , कन्हैया तृतीय रहा। बालिकाओं में अंजलि प्रथम, एंजेल द्वितीय, मरियम तृतीय रहा। कुर्सी दौड़ में पृथ्वीराज प्रथम ,हेमराज द्वितीय पार्थ सिंह तृतीय रहा। बैसाखी में मोहित कुमार प्रथम, आदर्श कुमार द्वितीय ,अनमोल तृतीय रहा।चित्रकला में साजिद प्रथम, अब्दुल्ला द्वितीय ,शिवम तृतीय रहा। थ्री लैग रेस में कन्हैया निखिल प्रथम ,अंतिम और सौम्या द्वितीय, आदित्य अंजलि तृतीय रहा। धागा मोती में संकेत प्रथम ,मनीष द्वितीय , ऋषभ तृतीय तथा बालिकाओं में महिमा पाल प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय, रितिका तृतीया, छूकर पहचानो में महिमा पाल प्रथम, मनीष द्वितीय, रितेश तृतीय तथा बालिकाओं में संकेत प्रथम , वैष्णवी द्वितीय , अर्चना तृतीय, रस्साकस्सी सौरव प्रथम स्थान, विजय द्वितीय स्थान, राज तृतीय , फैंसी ड्रेस में विपिन प्रथम , प्रमोद द्वितीय स्थान ,राम सिंह तृतीय तथा बालिकाओं में राधा प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय ,श्रद्धा ने तृतीय प्राप्त किया । सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रीमती नीतू यादव , जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी, बीईओ प्रतिभा सिंह, रमाशंकर प्रजापति, अभिभावक गण, समस्त स्पेशल एजुकेटर्स सहित अन्यान्न लोगों प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में समस्त विकास खंडो से एक-एक नोडल टीचर को दिव्यांग बच्चों हेतु सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

## क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर द्वारा दिव्यांग रैली का किया शुभारम्भ



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बुलंदशहर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जनपद में जागरूकता हेतु दिव्यांग रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर ऋजुल द्वारा किया गया। रैली के दौरान दिव्यांगजन को उनके संवैधानिक अधिकारों, सरकार द्वारा दिए जाने वाली सहायता योजनाओं, पेंशन, एवं अन्य लाभकारी कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया गया।* जनपद के अनेक दिव्यांगजन उत्साहपूर्वक इस रैली में सम्मिलित हुए। यह रैली नुमाइश ग्राउंड से प्रारम्भ होकर खालसा तिराहा, डीएम रोड, काला आम, मोती बाग, बाबू बनारसी दास सरकारी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रोडवेज बस अड्डा, डीएवी तिराहा, लाला बाबू चौराहा, कलेक्ट्रेट, कचहरी रोड होते हुए पुनः नुमाइश ग्राउंड पर सकुशल सम्पन्न हुई। रैली के सुचारू संचालन एवं दिव्यांगजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर धर्मेन्द्र सिंह राठौर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

*जनपद पुलिस द्वारा यह कार्यक्रम समाज में दिव्यांगजन के प्रति सम्मान, संवेदना एवं जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## बुजुर्ग से धोखाधड़ी करके बैग में रखे नोटों की गड्डी को बदल कर चोरी करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार,नगदी बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा बुधवार को चोरी से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त रोहित सिंह पुत्र रंगपाल सिंह उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम सरकी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को खेसहन पुलिया से किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 23,000/- रुपये बरामद । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बी.एन.एस. की बढोत्तरी की गयी । गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**
थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह थाना गजीपुर, उ0नि0 हिमांशू सिंह. हे0का0 वेदमणि ओझा।

## डकैती में वांछित 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना खखरेरु पुलिस द्वारा डकैती व आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त ओमवीर सिंह उर्फ मेहमान पुत्र सोने लाल निवासी लौंगपुर थाना सिरपुड़ा जनपद कासगंज उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

*गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-*
1- ओमवीर सिंह उर्फ मेहमान पुत्र सोने लाल निवासी लौंगपुर थाना सिरपुड़ा जनपद कासगंज उम्र करीब 40 वर्ष ।

*बरामदगी-*
1. 670 रुपए नगद

*गिरफ्तारी करने वाली टीम-*
1. थानाध्यक्ष श्री विद्याप्रकाश सिंह, थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर ।
2. व0उ0नि0 श्री श्यामसुन्दर गिरि
3. उ0नि0 श्री अमित कुमार शर्मा
4. कां0 दीपक कुमार
5. कां0 अजीत कुमार
6. कां0 अरूण यादव

*सोशल मीडिया सेल*
*जनपद फतेहपुर*

## हुसैनगंज पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त बलदेव पुत्र महावीर उम्र करीब 58 वर्ष नि0 ग्राम वारी मजरे फिरोजपुर थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## आपसी मनमुटाव को भुलाकर दम्पति साथ रहने को हुए राजी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन, जनपद फतेहपुर में पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में मध्यस्थता/ काउंसलिंग की दैनिक कार्यवाही के क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व काउंसलर सदस्य श्रीमती मधु शर्मा जी व श्रीमती साधना देवी द्वारा प्रकरण में समझौता कराया गया । मौके पर सहयोगार्थ म0आ0 यशस्वी शर्मा व म0आ0 प्रियंका सिंह मौजूद रही ।

## डीएम ने राम वनगमन मार्ग एवं प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज कार्यालय कक्ष में राम वनगमन मार्ग, प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग, एन.एच.ए.आई. एवं पीएमजीएसवाई के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने राम वनगमन मार्ग के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता से कहा कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर आ रही समस्याओं का निस्तारण कराते हुए गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराया जाय। उन्हांने प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग के निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. निर्माण खण्ड से कहा कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर आ रही समस्याओं का निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण कराया जाय।

## डीएम ने चित्रकूट मार्ग को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर निर्माण कार्य की प्रगति का लिया जायजा

### परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज चक गुलाम आलम कछार (गढ़वा) कौशाम्बी-ताड़ी मुस्तकिल, चित्रकूट मार्ग को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर निमार्णाधीन सेतु, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी द्वारा परियोजना प्रबन्धक,सेतु निगम से परियोजना की आरम्भ तिथि एवं कार्य पूर्ण होने की तिथि आदि की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि परियोजना के पूर्ण होने की निर्धारित समयावधि माह-जून 2025 तक थी। उन्होंने निर्माण कार्य लम्बित पाये जाने के बावजूद भी अनुबन्धित फर्म के विरूद्ध जुमार्ना आदि कार्यवाही न किए जाने एवं निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित अनुश्रवण न किए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए परियोजना प्रबन्धक,सेतु निगम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना प्रबन्धक, सेतु निगम को और लेबर बढ़ाकर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## निमार्णाधीन मकान से चोरी करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से तार, कटर, ग्राइन्डर, हथौड़ी, सुम्मी पेचकस नगदी बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बुधवार को चोरी से सम्बन्धित अभियुक्तगण धनन्जय सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी किशनपुर थाना मलवा जनपद फतेहपुर . अमरीश गौतम पुत्र राम आसरे उम्र 30 वर्ष निवासी मलाका थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को किया गया गिरफ्तार कब्जे से निमार्णाधीन मकान से चोरी गये माल व चोरी के औजार एक अदद प्लास्टिक बोरी में कटे हुये वायरिंग के तार, एक अदद कटर, एक अदद ग्राइन्डर, एक प्लास्टिक के झोले में हथौड़ी, सुम्मी पेचकस, वायर कटर, रिंच प्लास व कुल 2000/- रुपये नगद बरामद ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम

प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय थाना कोतवाली. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव. उ0नि0 भारत सिंह

## 14 दिसंबर दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ की रैली में बड़ी संख्या में जाएंगे कार्यकर्ता - गौरव



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय केंद्रीय मंझनपुर में रक्क से परेशान जनता और पुनः संगठन निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

समीक्षा बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा की जनवरी माह में संगठन का **पुन:** निर्माण किया जाएगा जिसमें जो भी निष्क्रिय पदाधिकारी हैं उनको पद मुक्त किया जाएगा एवं नए कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी की जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी में एक विस्तृत संगठन का निर्माण किया जाएगा। SIR को लेकर जिला अध्यक्ष ने कहा जिस प्रकार से सरकार माइनॉरिटी एवं पिछड़ा वर्ग के वोट को काट रहे हैं यह बहुत ही दुखद है क्या वह इस देश के नागरिक नहीं है इस पर सरकार को विचार करना चाहिए और लोकतांत्रिक देश में इस तरह की गलत नीतियों का में विरोध करता हूं* ! इस मौके पर बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष नैयर रिजवी ने कहा सरकार का यह दोहरा चरित्र है जिस प्रकार से SIR के माध्यम से माइनॉरिटी वर्ग का वोट काटा जा रहा है वह बहुत ही गलत है कांग्रेस पार्टी हरदम से तभी वर्ग एवं समुदाय को एक साथ लेकर चलने का काम की है इस तरह की लोकतंत्र की हत्या कांग्रेस पार्टी नहीं होने देगी हम सभी लोग इसका पुरजोत तरीके से विरोध करेंगे ! निवर्तमान प्रदेश सचिव एवं जिला कोऑर्डिनेटर राजेश साहनी ने कहा वोट छोड़ गद्दी छोड़ दिल्ली में जननायक राहुल गांधी जी के द्वारा रैली की जा रही है जिसमें कौशांबी जिले से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता एवं आम जनमानस दिल्ली पहुंचेंगे वह सरकार की गलत नीति के खिलाफ पुरजोर तरीके से आवाज उठाएंगे। इस मौके पर बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास ने सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा की सरकार दलित व पिछड़ा की विरोधी सरकार है यह दलित को नीचे दिखाना चाहती है वह 5 किलो राशन देकर उनके वोट का दुरुपयोग कर रही है जिस दलित समुदाय जाग चुका है वह इस तरह की गलत नीतियों का विरोध करता है!

दलित समुदाय इसका पुरजोत विरोध करेगा! प्रमुख रूप के पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## डीएम ने विकास खण्ड का किया निरीक्षण,अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों का वेतन रोकने के निर्देश

### आमजन की शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कौशाम्बी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर ए.पी.ओ. (मनरेगा) पंकज सोनकर, सहा0 लेखाकार मोहम्मद अली एवं तकनीकी सहायक अजय रावत के अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायती रजिस्टर एवं सीएम हेल्पलाइन रजिस्टर का अवलोकन करते हुए कहा कि रजिस्टर में शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर, शिकायत प्राप्ति का दिनांक व शिकायत निस्तारण की आख्या अवश्य अंकित किया जाय तथा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए प्राप्त आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाय, जिससे पात्र व्यक्ति शीघ्र लाभान्वित हो सकें। अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। आमजन की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

जिलाधिकारी द्वारा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत पंजिका के अवलोकन पर सचिव, ग्राम पंचायत को आवेदन रिसीविंग नहीं कराये जाने एवं रजिस्टर में अंकित न किए जाने/आवेदनों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सहायक विकास अधिकारी (पं0) से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय एवं परिसर में साफ-सफाई की स्थिति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पं0) से कहा कि 02 कार्यालयों/02 पटलों के प्रभार वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की रोस्टरवार सूची लगाई जाय।

## बैंक खाते के माध्यम से रुपये निकालने वाले अन्तराज्ीय संगठित गिरोह गिरफ्तार, कब्जे से गाडी, चैक बुक व विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बुलंदशहर।** दस दिन वादी धनेश पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम महेपा जागीर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ने थाना सिकन्द्राबाद पर तहरीर दी कि उसके पिता दिनांक 25.11.2025 को घर से कही चले गये है तथा उसके मोबाइल नम्बर पर अज्ञात नम्बरों से कॉल आ रही है कि उसके पिता को बंधक बना लिया है जिसको छुडाने की ऐवज में 6 लाख रुपयें लेकर आ जाओं ओर अपने पिता को छुडा लो।

विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में देर रात को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना पर 6 अभियुक्तों को 1 गाडी, 1 चैक बुक ,9 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता अमित पुत्र नरेश कुमार निवासी 1028/3 छोटूराम चौक गुहाना रोड थाना सोनीपत सिटी जनपद सोनीपत हरियाणा हाल निवासी टावर 5 फ्लैट न0 701 इवा हाईट्स सैक्टर 103 राजेन्द्र पार्क गुरुग्राम हरियाणा , करन पुत्र भोला शंकर निवासी जय विहार म0न0 223/07 थाना राजेन्द्र पार्क सैक्टर 110 गुरुग्राम हरियाणा, अमर शर्मा उर्फ केशव पुत्र अशोक शर्मा निवासी जी-93 अशोक विहार फेस 3 थाना पालम बिहार गुरुग्राम हरियाणा , राजकुमार पुत्र किरनपाल सिंह निवासी ग्राम कमालपुर माजरा भदौरा थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर, शिवम पुत्र जीतपाल निवासी ग्राम हजरतपुर पौंड्री थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर, प्रमोद पुत्र विसम्बर निवासी ग्राम महेपा जागीर थाना सिकन्द्राबाद जनपद

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया कि वे सभी मिलकर हवाला, ऑनलाइन गैमिंग के पैसो को चाइना व अन्य देशों को भेजकर बंधक बनाये गये भोले-भाले लोगों के खाते में ट्रांसफर कराते है तथा उन्हे लालच देकर, डरा-धमकाकर उनके खाते से सभी रुपये निकालकर छोड देते है। इस लिए हमने दिनांक 25.11.2025 को प्रमोद को रुपयों का लालच देकर उसे बुलाया था तथा उसके खाते में 19 लाख 90 हजार रुपये हवाला के पैसे डलवाये थे। जिनमें से 13 लाख 90 हजार रुपये प्रमोद को सोनीपत ले जाकर उसके खाते से निकाल लिये थे। बाकी शेष 06 लाख रुपयों को प्रमोद के फोन से 1930 पर कॉल कर उसके खाते में होल्ड कराकर उसके घरवालों से 06 लाख रुपये लेने की मांग की गयी थी।

## जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कनैली का किया आकस्मिक निरीक्षण





**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कनैली का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुक्तेश द्विवेदी से प्रतिदिन ओ.पी.डी. की संख्या एवं रात्रि में चिकित्सक के रहने एवं दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने ओ.पी.डी. रजिस्टर का अवलोकन करते हुए कहा कि मरीजों का मोबाइल नम्बर भी अंकित किया जाय। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर उपलब्ध हो रहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, जिस पर बताया गया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिल रहीं हैं।

उन्होंनें पैथोलॉजी कक्ष के निरीक्षण के दौरान लैब टेक्नीशियन से उपलब्ध जॉच की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई कक्ष, महिला वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड एवं इमर्जेन्सी कक्ष आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित लोगों द्वारा अस्पताल में एक्सरे एवं अल्ट्रासाउण्ड को क्रियाशील कराये जाने की मॉग पर जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही एक्सरे एवं अल्ट्रासाउण्ड को क्रियाशील करा दिया जायेंगा।

## राजकीय पशु चिकित्सालय का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने राजकीय पशु चिकित्सालय, कनैली का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा पाण्डेय से दवाओं की उपलब्धता आदि जानकारी प्राप्त की, जिस पर बताया गया कि दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है। अस्पताल की साफ-सफाई की स्थिति एवं अभिलेखों/पंजिकाओं का रख-रखाव ठीक पाया गया।

# राष्ट्रीय शिल्प मेला में लोक संस्कृति की रंग बिरंगी छटा, कलाकारों ने बांधा समां





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय शिल्प मेला के तीसरे दिन बुधवार को लोक कलाकारों ने मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। थपट्टम, रीना शैला, पेरिया मेलम, डमी हॉर्स और कालियाट्टम जैसे लोकनृत्यों ने उत्सव का रंग और गहरा कर दिया। हर दल का अलग-अलग पारंपरिक वेशभूषा और उनके नृत्य का अनूठा अंदाज दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना।

**चरकुला नृत्य ने मोहा मन**

मथुरा से आए दल ने महिलाओं द्वारा सिर पर वजनी शिला रखकर 108 जलते दीपों के साथ मनमोहक चरकुला नृत्य प्रस्तुत किया। ब्रज की संस्कृति से ओतप्रोत यह प्रस्तुति देख पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

**राजस्थानी तेराताली व भवई का जादू**

गंगा देवी व साथी कलाकारों ने पधारो म्हारे देश और केसरिया बालम जैसे लोकप्रिय गीतों पर तेराताली और भवई नृत्य कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी लय, ताल और लोक परंपरा की झलक ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। पूर्वी त्रिपाठी एवं दल ने कृष्ण लीला पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इसके बाद मंच पर आए गजल गायक भूपेंद्र शुक्ला ने 'आपके दिल में क्या है बता दीजिए, गुमसुम यह जहाँ है और मैं कैसे कहूँ जानेमन' जैसे गीतों से श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। लोकगायिका ज्योति सिन्हा ने 'युगो-युगो जियो बिन दवाई' तथा भोजपुरी लोकगीत 'अइले बनवाली जी, आपन कोरिया बहरा' और झुलुहा लागल बा निमिया डढ़िया से महफिल में लोक सुगंध बिखेरी।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों के दीप प्रज्वलन से हुई।

सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण, इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं राकेश सिन्हा (पूर्व लेखाधिकारी) रहे। केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## साइबर क्राइम पुलिस ने कौशाम्बी में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के निर्देशन में बुधवार को साइबर क्राइम थाना कौशाम्बी की पुलिस टीम द्वारा पुलिस लाइन, कौशाम्बी में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को आधुनिक डिजिटल अपराधों, उनकी रोकथाम, साइबर फ्रॉड के सामान्य तरीकों, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, सोशल मीडिया सुरक्षा, बैंकिंग फ्रॉड की पहचान तथा हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

पुलिस टीम द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को वास्तविक घटनाओं के उदाहरणों के माध्यम से साइबर अपराधियों की कार्यप्रणाली समझाई गई तथा भविष्य में पुलिस ड्यूटी के दौरान ऐसे मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक तकनीकी व प्रायोगिक ज्ञान भी उपलब्ध कराया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य नवप्रशिक्षित आरक्षियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक, सक्षम व तकनीकी रूप से तैयार करना रहा, ताकि वे आगामी सेवाकाल में पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान कर सकें एवं साइबर अपराध नियंत्रण में प्रभावी योगदान दे सकें।

## आर्ट सेलिब्रिटी अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में भारत से रवीन्द्र कुशवाहा आमंत्रित

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** आर्ट सेलिब्रिटी अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी ज्योतिकृति आर्ट ऑरनाइजेशन के मीडिया प्लेटफॉर्म पर 4 दिसंबर को होगी। यह प्लेटफॉर्म एक इंटरनेशनल शोकेस है, जिसमें दुनिया भर के 16 देशों के 25 विख्यात कलाकार शामिल हैं। यह भव्य प्रदर्शनी ज्योति सैनी सिद्दीकी द्वारा क्यूरेट की गई है, जो कल्चरल डायलॉग और क्रिएटिव एक्सचेंज के लिए कमिटेड एक ग्लोबल आर्ट प्लेटफॉर्म की ऑर्गेनाइजर है। यह प्रदर्शनी एशिया, यूरोप, अफ्रीका, नॉर्थ अमेरिका और साउथ अमेरिका जैसे महाद्वीप से आर्टिस्टिक आवाजों को एक साथ लाती है, जिसमें पार्टिसिपेटिंग आर्टिस्ट एंड्रिया स्टैनिक, अलेक्जेंडर मोंटिला, अनामिका शबनम, एंजेल्स एम. पोमाटा, अजनीता एम डी, यूसुफ, बेला अट्टिला माज्को, ब्रूनो लौरेइरो, डालिबोर दाडो सेटकोविक, निकी ली, जुआन मैनुअल अविना कास्टानेडा, ज्योति सैनी सिद्दीकी, लकी लोहान, मारिजाना वुकोविक, मायरा लिटुआनिया, मीना साद, मिशेल काजेमी, परिमा हेदरी, रवीन्द्र कुशवाहा, रेगन श्नाइडर, रूबी पेट्रीसिया फेरर, शेरिफ अब्देलकादर, ट्रिना बैचलर, डानिया एगुइरे, मौरेल कोर्टेस सिएरा, बोध राज बलधोत्रा रिप्रेजेंट कर रहे हैं: जो इंडिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, स्पेन, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, मिस्र, नाइजीरिया, ईरान, कनाडा, पुर्तगाल, मोंटेनेग्रो, क्रोएशिया, ताइवान, ऑस्ट्रिया, वेनेजुएला के कलाकारों की शानदार कलाकृतियां प्रदर्शित होगी।

## गैंगेस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा थाना धूमनगंज के पंजीकृत गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मो0 इस्माइल पुत्र स्व0 नफीस अहमद निवासी कसारी मसारी थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को बुधवार को मुखबिर की सूचना पर होमगार्ड ट्रेनिंग सेन्टर मरियाडीह के पास थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

मनोज कुमार सिह थाना प्रभारी पूरामुफ्ती. हे0का0 अमित कुमार. का0 सत्यवीर सिह थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर इनर व्हील क्लब बनारस 312 की अध्यक्ष सुषमा सिंह द्वारा दिव्यांगों को दिया गया विशेष उपहार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**वाराणसी।** विश्व दिव्यांग दिवस पर इनर व्हील क्लब बनारस 312 की अध्यक्ष सुषमा सिंह द्वारा दिव्यांगों को विशेष उपहार दिया गया। सुषमा सिंह द्वारा स्वावलंबन पैरेंट्स एसोसिएशन संस्था आदित्य नगर कालोनी लेन नम्बर पांच,चितईपुर मे आज दिव्यांग बच्चों को फल मिठाइयां नमकीन बिस्किट चिप्स टिफिन बॉक्स पेंसिल बॉक्स पानी की बोतले तोलिया कंबल खेलकूद के समान और भी बहुत से जरूरत के समान वितरित किए गए।

## औषधि निरीक्षक के छापेमारी से मेडिकल संचालको में हडकंप

### प्रतिबंधित नशीली दवाएं बेचने का था आरोप

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** क्षेत्र में मंगलवार को औषधि निरीक्षक की टीम ने कई मेडिकल स्टोरों पर अचानक छापेमारी कर दवाइयों की गुणवत्ता और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की। अभियान के दौरान निरीक्षक ने स्टोरों में रखी दवाओं की एक्सपायरी, स्टॉक रजिस्टर, बिलिंग प्रणाली, नशीली दवाओं के रिकॉर्ड और स्वच्छता व्यवस्था की विस्तृत पड़ताल की। । टीम ने पिछले कई दिनों पूर्व तिराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर नारकोटिक्स ड्रग्स बरामद किया था। पकडे जाने के बाद मेडिकल संचालक द्वारा अन्य संचालित मेडिकल स्टोर पर भी प्रतिबंधित सिरफ बिक्री का बिल और अन्य साक्ष्य उपलब्ध कराया था उसी साक्ष्य के आधार पर मंलवार को टीम ने कस्बे में अभियान चलाकर छापेमारी किया हलाकि की जाच के दौरान किसी भी दुकान पर कोई भी प्रतिबंधित दवाइया हाथ नहीं लगी फिलहाल टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा .

## प्रयागराज जिले की भाजपा जिलाध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कई थानों में एफआईआर दर्ज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिला प्रयागराज के गंगापार की भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के हंडिया, मऊआइमा और फूलपुर थानों में पहुँचकर अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं।

हंडिया थाना में महेशचंद्र पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अकमल ईमाम, इकबाल अहमद राजा और तबरेज खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मऊआइमा थाना में राम कुमार पासी ने तबरेज खान पर कार्रवाई की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। फूलपुर थाना पहुंचकर मंडल मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार बिंद, महिला मोर्चा जिला संयोजक सौम्या मिश्रा समेत अन्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। भाजपा नेता व मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिलाध्यक्ष के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## हथिगहां जगदीशपुर सुकाली मार्ग पर आवागमन करने वालों की बल्ले बल्ले

### मार्ग के चौड़ीकरण को 35.84 करोड़ रुपये की मिली मंजूरी, 17 किलोमीटर लंबा है मार्ग

**नवाबगंज।** क्षेत्र के हथिगहां में लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाईवे से जोड़ने वाले हथिगहां सहावपुर मसनी बारादरी बरई हरख सरांय हरीराम, जगदीशपुर सुकाली मार्ग पर आवागमन करने वाले राहगीरों की जल्द ही मुसीबत खत्म होने वाली है। बहुप्रतीक्षित सत्रह किलोमीटर लंबे इस ओडीआर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु शासन ने 35.84 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। इसीप्रकार सोरांव से सकरदहा वाया होलागढ़ दहियावां के अवशेष भाग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 638.59 लाख के सापेक्ष 191 लाख रुपए अवमुक्त कर दिए हैं। इससे क्षेत्रीय लोगों में भारी हर्ष है।

बताते चलें कि उक्त मार्ग दर्जनों गांवों को नेशनल हाइवे से जोड़ने के साथ ही जनपद मुख्यालय को भी जोड़ता है, इसलिए इस मार्ग पर राहगीरों के आवामगन का दबाव काफी ज्यादा रहता है। वहीं इसके उलट यह मार्ग जगह जगह खस्ताहाल हो गया है। मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पूरा होने से विकासखंड होलागढ़ का आवागमन भी सुगम होगा। हथिगहां निवासी एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, पचदेवरा के अंकित सिंह, बरई हरख की प्रधान निशा पटेल, जंगीलाल मौर्य, शहावपुर के राम सूरत प्रजापति कहते बताते हैं कि इस मार्ग के मरंमत की मांग पिछले काफी दिनों से की जा रही थी, जिसका प्रस्ताव विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने शासन को भेजा था। ग्रामीणों ने बताया कि खस्ताहाल और सिंगललेन मार्ग पर लोगों को बड़ी समस्या आती रही, शुक्र है कि सरकार ने संज्ञान लिया।

इस बाबत विधायक गुरु प्रसाद मौर्य बताते हैं कि क्षेत्र की यह सड़क बहुत उपयोगी है इसलिए इसके चौड़ीकरण के लिए प्राथमिकता दी गयी थी। विधायक के अनुसार इस मार्ग हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजनांतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण कराया जाएगा। साथ ही उक्त मार्ग का अगले पांच वर्षों तक रखरखाव भी कार्यदायी संस्था के जिम्मे होगा इससे मार्ग की बदहाली नहीं आने पाएगी।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर अभिभावकों को किया जागरूक

### बाल पुनर्वास संस्था ने फूलपुर में लगाया कैंप

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को बाल पुनर्वास संस्था द्वारा फूलपुर के दरियापुर गांव में दिव्यांग बच्चों के उपचार एवं उत्थान को लेकर कैंप का आयोजन किया जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संयोजक समन्वयक शशिकांत पटेल ने कहा कि दिव्यागता अभिशाप नहीं है समय रहते यदि बच्चों के अंदर की दिव्यांगता को अभिभावक पहचान करके उनका सही तरीके से उपचार कराए तो बहुत कुछ सुधार हो सकता है। पीटी शैलेश कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सही समय से पहचान करने के साथ ही उनका क्लिनिकीय फिजियोथैरेपी कराई जाए तो उनके अंदर सुधार की अपार संभावनाएं होती है।



## गंगा नदी में पानी हुआ कम, ट्रैक्टर - जेसीबी से लेवलिंग तेज

### देश के कोने - कोने से संगम नगरी पहुंचने लगे संत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर ठीक एक महीने बाद देश और दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक मेले का आयोजन शुरू होने जा रहा है। माघ मेले के इस आयोजन को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई है। ? सोमवार को हुए गंगा पूजन के बाद संगम तट पर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। गंगा नदी में पानी कम होने के बाद ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें लगाकर लेवलिंग का काम तेज कर दिया गया है।




इस बार प्रदेश की योगी सरकार माघ मेले को मिनी कुंभ की तर्ज पर आयोजित कर रही है। यही वजह है कि मेले का क्षेत्रफल बढ़ाया गया है। इस बार माघ मेला 800 हेक्टेयर और 7 सेक्टर में बसाया जा रहा है। मेले में इस बार सात पांटून ब्रिज भी बनाए जा रहे हैं। उधर, देश के कोने - कोने से संगम नगरी शिविर लगाने के लिए संत, महात्मा श्रद्धालुओ के साथ पहुंचने लगे है।

सोमवार को गंगा पूजन के बाद दंडी संन्यासियों को भूमि का आवंटन भी शुरू कर दिया गया है। इसके बाद संगम की रेती पर तंबुओं का शहर आकर लेने लगा है। संगम तट पर पुलिस लाइन का निर्माण हो रहा है। अन्य संस्थाओं को भी बसाने की तैयारी तेज हो गई है।? मेले से जुड़े अन्य विभाग पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग,विद्युत विभाग, पेयजल विभाग और नगर निगम भी अपने कार्यों को युद्ध स्तर पर कर रहे हैं। सीएम योगी ने 22 नवंबर के प्रयागराज दौरे में ऐलान किया था कि इस बार माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं। जिसके मद्देनजर नजर मेले में जरूरी जन सुविधाएं भी जुटाई जा रही हैं। मेले में श्रद्धालुओं के लिए अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

इस बार माघ मेले की शुरूआत 3 जनवरी पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व के साथ हो जाएगी। इसी दिन से लाखों कल्पवासी कल्पवास का संकल्प लेकर कल्पवास भी शुरू करेंगे। इसलिए प्रशासन की यह कोशिश है कि समय से मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। मेले में प्रशासन ने दिसंबर के अंत तक सभी तैयारियां पूरी करने का लक्ष्य रखा है।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अफसरों की मानें तो तय समय में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी।

## गांव की महिलाओं को मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी ।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0, साइबर जागरूकता अभियान एवं नये कानूनों के प्रति जनजागरूकता के तहत जनपद कौशाम्बी के सभी थानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सभी स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं, छात्र–छात्राओं एवं आमजन को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, साइबर सुरक्षा एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

महिला सहायता केंद्र / महिला हेल्पडेस्क / एंटीरोमियो टीम / थाना उवक्ष नंबर जनपद कौशाम्बी पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की समस्या, अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों का तत्काल उपयोग करें।

## कप्तान ने कार्यालय में सुनी फरियाद निस्तारण का दिया निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई।

इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

## के के मोहम्मद राष्ट्रवादी, मुसलमान शिक्षित : स्वामी शाडिल्य महराज

### जगदगुरू ने एएसआई के पूर्व रीजनल डायरेक्टर के बयान का किया स्वागत

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** एएसआई के पूर्व रीजनल डायरेक्टर के के मुहम्मद के बयान का संत समाज ने भी स्वागत किया है। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने कहा है कि के के मोहम्मद ने यह उचित कहा है कि जिस तरह से मुसलमानों के लिए मक्का मदीना अहम है। उसी तरह से हिंदुओं के लिए काशी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में स्थित कृष्ण जन्मभूमि अहम है। उन्होंने कहा है कि के के मोहम्मद राष्ट्रवादी मुसलमान हैं।वह पढ़े लिखे और शिक्षित मुसलमान हैं। दकियानूसी सोच सोच और इस्लामिक कट्टरता से दूर हैं। वह राष्ट्र के बारे में सोचते हैं। शायद इसीलिए उन्होंने मुसलमानों से यह अपील की है कि ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा शाही ईदगाह को लेकर मुसलमान को अपना दावा छोड़ देना चाहिए। ?और यह जमीन हिंदुओं को सौंप देनी चाहिए ताकि वहां मंदिर का निर्माण हो सके। शांडिल्य जी महाराज ने कहा है कि यह बात बिल्कुल सही है कि भारत इसीलिए सेक्युलर मुल्क है क्योंकि यहां पर हिंदूओं की आबादी बहुसंख्यक है। शांडिल्य जी महाराज ने कहा है कि अगर जिस दिन मुसलमान इस देश में बहुसंख्यक हो जाएंगे उस दिन भारत का यह सेक्युलर स्वरूप भी खत्म हो जाएगा।

## राष्ट्रीय महामंत्री से मिले महानगर अध्यक्ष,संगठनात्मक विषयों पर चर्चा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से आज शिष्टाचार मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने एसआईआर अभियान सहित विभिन्न विषयों पर महानगर अध्यक्ष से चर्चा की। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राजेश गोंड भी मौजूद रहे।

## नाबालिक छात्रा के अपहरण को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### किसान यूनियन ने स्थानीय प्रशासन को दी चेतावनी

**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर ।** अन्नदाता किसान यूनियन प्रयागराज के पुष्पराज सिंह यूनियन के जिलाअध्यक्ष हैं। आरोप है कि उनकी नातिन अंशिका राव सिंह उम्र लगभग 17 वर्ष आदर्श इंटर कॉलेज मैलाहन में कक्षा 12 की छात्रा थी। जिसका अपहरण 19 नवंबर 2025 को कर लिया गया था। जिसमें अभी तक अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है और न ही अंशिका का कुछ पता चल सका है। इस घटना को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिन शिवकुमार पटेल व प्रदेश अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह के नेतृत्व में किसान यूनियन के पदाधिकारी बुधवार को उप जिलाधिकारी फूलपुर के कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अगर जल्द ही छात्रा का अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी नहीं होती है तो तहसील गेट के सामने रोड पर अन्नदाता किसान यूनियन के कार्यकर्ता रोड पर चक्का जाम करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने एस आई आर को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर।** कांग्रेस पार्टी के गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में पार्टी के नेता और कार्यकताओं के साथ ननका का पूरा बगई कला,बगई खुर्द,और चंदौहा आदि गांव में जाकर के मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जटिलताओं और होने वाली गड़बड़ियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।इस अवसर पर बहसों के ननका का पूरा में जन जागरण अभियान को जनता को एसआईआर में भराए जा रहे हैं फॉर्म में बढ़–चढ़ कर हिस्सेदारी की मांग करते हुए।अहमद ने कहा कि आप सभी लोग बीएलओ से संपर्क करके आवश्यक पेपर जो उपलब्ध हो फॉर्म को पूरी तरह सही–सही भरकर के 11 दिसंबर 2025 के भीतर अवश्य जमा कर दें।यदि आप लोग सतर्क और जागरूक नहीं रहेंगे तो भाजपा सरकार जो जन विरोधी है। उसका खामियाजा आपको भुगतना पड़ेगा यदि आपको बीएलओ का सहयोग नहीं मिल पा रहा है।तो हम लोगों से सम्पर्क करें आपको पूरा सहयोग उपलब्ध कराएंगे फार्म तारीख की 11 दिसंबर के पूर्व आप सब पूरी जिम्मेदारी से फार्म जमा करें और जमा करने के लिए जन–जन तक इस अभियान को आगे बढ़ायें कांग्रेस पार्टी आपके साथ पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सहयोग के लिए जहां जरूरत होगी साथ में खड़ी रहेगी।कार्यक्रम का संचालन विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने किया।इस अवसर पर सर्वश्री,संगम लाल गुप्ता,श्याम जी धुरिया,सतीश चंद्र,संजय कुमार,राजेश सोनी,दुर्गविजय सिंह,शिवपूजन,दीपू कुमार,अखिलेश कुमार,सचिन कुमार,ज्ञानचंद्र,निरुपति, देवी शंकर,कमला शंकर,राजवलि चौरसिया,आदि लोग उपस्थित रहे।

# भूखमरी है विकास के विरोधाभासी स्वरूप की भयावह तस्वीर

-ललित गर्ग-

विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की हालिया रिपोर्ट ने एक बार फिर वैश्विक समुदाय को चेताया है कि धरती पर करोड़ों लोग आज भी भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा के शिकंजे में जकड़े हुए हैं। यह रिपोर्ट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि एक वैश्विक त्रासदी की दास्तान है, जो यह सोचने पर मजबूर करती है कि इक्कीसवीं सदी के इस तथाकथित ह्वविकसितह्ल दौर में भी हम उस प्राथमिक आवश्यकता-भोजन को सुनिश्चित नहीं कर सके हैं, जो किसी भी आदर्श शासन-व्यवस्था एवं सभ्यता की बुनियादी कसौटी है। एफएओ के अनुसार, दुनिया भर में 70 करोड़ से अधिक लोग गंभीर भूख का शिकार हैं, जबकि करीब 2 अरब लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं। अफ्रीका, दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में हालात और भी बदतर हैं। बच्चों में कुपोषण और स्टंटिंग (विकास अवरोध) की दरें चिंताजनक हैं।



समूची दुनिया में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। बुनियादी ढांचे से लेकर प्रौद्योगिकी के विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई जैसी तकनीक की नई-नई मिसाल कायम की जा रही हैं। किसी अन्य ग्रह पर जीवन की खोज करने या फिर भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने के दावे भी किए जा रहे हैं। मगर, क्या वास्तव में विकास का पैमाना यही है? विकास की इस धारा में इंसान एवं इंसान की मूलभूत जरूरतें कहां है? यह कैसा विकास है कि जिसमें विसंगतियां एवं विरोधाभास ही अधिक है। एक तरफ विभिन्न देश तकनीक के सहारे खुद के ताकतवर एवं साधन संपन्न होने का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी ओर दुनिया में करोड़ों लोग भुखमरी, बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। बढ़ती भूखमरी एवं कुपोषण आधुनिक विकास पर एक बदनुमा दाग है। इस वैश्विक संकट की जड़ में केवल खाद्यान्न की कमी नहीं, बल्कि युद्ध, आंतरिक संघर्ष, आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता जैसी स्थितियां गहराई से जिम्मेदार हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते गेहूं, तेल, उर्वरक और अन्य खाद्य सामग्री की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है। अफगानिस्तान, सीरिया, सूडान, यमन और सोमालिया जैसे देशों में वर्षों से चल रहे युद्धों ने लाखों लोगों को बेघर, बेरोजगार और भूखा बना दिया है। अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में आंतरिक संघर्ष और जलवायु आपदाएं खाद्य संकट को और विकराल बना रही हैं। भुखमरी के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं, लेकिन दो देशों के बीच युद्ध और आंतरिक संघर्ष प्रमुख है। इन दो कारणों से ही बीस देशों में करीब 14 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। जाहिर है, लगातार जारी युद्धों, अंतरराष्ट्रीय संघर्षों एवं आतंकवाद की वजह से हालात और ज्यादा बदतर हो रहे हैं। युद्ध प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत के तौर पर खाद्य सामग्री पहुंचाने में भी तरह-तरह की अड़चनों की खबरें भी आती रहती हैं। इस तरह के प्रयास वास्तव में मानवीय संवेदनाओं के दम तोड़ देने द्योतक हैं।

जलवायु परिवर्तन, बाढ़, सूखा, चक्रवात और असामयिक वर्षा जैसे कारक कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रहे हैं। भारत, नेपाल, पाकिस्तान, जैसे देशों के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मानसून के दौरान होने वाली आपदाएं किसानों की मेहनत को तबाह कर देती हैं। इससे खाद्यान्न उत्पादन घटता है, महंगाई बढ़ती है और आम आदमी की थाली सूखने लगती है। संसाधनों के अभाव और संकटग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की डगर जटिल से जटिलतर हो गई है। रपट में सामने आया है कि 2024 में लगातार छठे वर्ष दुनिया में गंभीर खाद्य संकट और बच्चों में कुपोषण बढ़ा है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष 53 देशों या क्षेत्रों के 29.5 करोड़ लोग गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे थे। यह आंकड़ा वर्ष 2023 के मुकाबले 1.37 करोड़ अधिक है। यानी सुधार के बजाय स्थिति पहले से कहीं अधिक खराब हो गई है।

आधुनिक विकास के प्रारूप पर चिन्तन करना होगा। यह विचारणीय प्रश्न है कि विकास के इस प्रारूप में बड़े-बड़े मॉल बन रहे हैं, शहरों में चमचमाती इमारतें खड़ी हो रही हैं, तकनीक और एआई की बात हो रही है, लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में लोग दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भुखमरी बढ़ रही है, कुपोषण आम होता जा रहा है, बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई ने गरीब की थाली से दाल-सब्जी गायब कर दी है। विकास का यह विरोधाभासी चेहरा दिखाता है कि संसाधनों का वितरण असमान है और नीतियां गरीबों की भूख मिटाने की बजाय अमीरों की संपत्ति बढ़ाने में लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजीएस) में 2030 तक ह्वभूखमुक्त विश्वह्ल का सपना देखा गया था, लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि हम इस लक्ष्य से दूर होते जा रहे हैं। गरीब देशों को खाद्य सहायता की आवश्यकता है, लेकिन विकसित राष्ट्र अपने राजनीतिक एवं आर्थिक स्वार्थों में उलझे हुए हैं। कृषि को प्राथमिकता देने के बजाय, हम स्मार्ट सिटी, हाईवे और बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट में संसाधन झोंक रहे हैं।

महंगाई और बेरोजगारी से उपजी विकट आर्थिक स्थितियां भी भुखमरी के लिए जिम्मेदार हैं। रपट में कहा गया है कि इन दोनों कारणों से पंद्रह देशों में 5.94 करोड़ लोगों का जीवन संकट में है। इसके अलावा, सूखा और बाढ़ ने 18 देशों में 9.6 करोड़ लोगों को खाद्य संकट में धकेल दिया है। अधिक चिन्ताजनक यह है कि इन लोगों को खाद्य एवं पोषण सहायता के लिए मिलने वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मदद में भी भारी गिरावट आई है। ऐसा लगता है कि वैश्विक मदद और राजनीतिक इच्छाशक्ति की सांसें धीरे-धीरे उखड़ रही हैं। ऐसे में जबरन विस्थापन भुखमरी के संकट को और बढ़ा रहा है। इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। इन प्रयत्नों में सबसे जरूरी है कि स्थायी कृषि नीति बनानी होगी जिसमें जल संरक्षण, जैविक खेती और छोटे किसानों की सुरक्षा पर बल दिया जाए। युद्ध और संघर्षों का समाधान कूटनीति और संवाद से निकाला जाए, क्योंकि सबसे बड़ी कीमत आम जनता चुकाती है। भोजन के अधिकार को मौलिक अधिकार की तरह लागू किया जाए, और सभी देश एक वैश्विक खाद्य भंडारण व वितरण प्रणाली विकसित करें। गरीबी उन्मूलन पर ठोस योजनाएं बने, ताकि लोग आत्मनिर्भर बनें और भीख या राहत पर निर्भर न रहें। महंगाई पर नियंत्रण, और गरीबों को सब्सिडी आधारित खाद्यान्न व्यवस्था को और मजबूत करना होगा।

एफएओ की रिपोर्ट में एक और भयावह तस्वीर सामने आती है कि दुनिया भर में उनतीस करोड़ से अधिक लोग ऐसे हालात में जी रहे हैं, जहां उनके लिए एक वक्त का भोजन जुटा पाना भी मुश्किल है। साफ है कि समाज का सबसे कमजोर तबका आज भी संघर्ष, महंगाई, प्राकृतिक आपदा और जबरन विस्थापन जैसी समस्याओं के चक्रव्यूह में कैद है। यदि हमने समय रहते भूख, गरीबी और खाद्य असुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी, तो हम विकास के उस नक्शे पर एक गहरा धब्बा छोड़ेंगे, जिसमें ऊंची इमारतें तो होंगी लेकिन उनके नीचे भूख से दम तोड़ते इंसान भी होंगे। ह्वएक रोटी की कीमत तब समझ आती है, जब भूख कई रातों से जाग रही होह्ल-इसलिये अब समय है कि हम विकास के मायने बदलें ताकि हर थाली में भोजन हो, हर बच्चा कुपोषण से मुक्त हो, और भूख इतिहास की बात बन जाए, वर्तमान की नहीं। विकास की इक्कीसवीं सदी में भी अगर भुखमरी, कुपोषण एवं खाद्य संकट की समस्या विकराल होती जा रही है, तो यह व्यवस्था के साथ-साथ मानवता के लिए भी खतरे की घंटी है। इस समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि संकटग्रस्त इलाकों में स्थानीय खाद्य प्रणालियों और पोषण सेवाओं में निवेश पर जोर दिया जाए। समय आ गया है कि विभिन्न देशों की सरकारें जनकल्याण की योजनाओं की व्यापक समीक्षा करें और भुखमरी को दूर करने के लिए उचित एवं प्रभावी उपाय किए जाएं।

**(ललित गर्ग)**

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**

## संपादक की कलम से

# विज्ञान में लोक को प्रतिष्ठित करने की मुहिम

**विज्ञान** को आधुनिक युग में तेजी से धर्म का दर्जा दिया जा रहा है। लोगों में सबकुछ को वैज्ञानिक घोषित करने की ललक बढती जा रही है । ऐसा हो भी क्यों न ? विज्ञान विश्वसनीय, पूर्वाग्रहमुक्त और पक्षपातहीन अंतिम सत्य का पर्यायवाची जो हो गया है। हालाँकि सदैव ऐसा नहीं होता और स्वयं विज्ञान के अर्थ भी बदल रहे हैं। तब भी आँखिन देखी पर विश्वास करने वाली विज्ञान की विधि ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक भरोसेमंद आधार के रूप में सुबुद्ध लोगों की अभी भी पहली पसंद बनी हुई है। टोना-टोटका, झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र और ओझाझसोखा को ले कर लोग हिचकने लगे हैं। आमतौर पर विज्ञान की बढ़ती साख का ही नतीजा है कि विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लगातार प्रयास हो रहे हैं ताकि आम जनों में वैज्ञानिक मानसिकता (साइंटिफिक टेम्पर) का विकास हो सके और वे खुशहाल जीवन बिता सकें। भारत में होशंगाबाद और केरल में समाज को विज्ञान से जोड़ने की पहल शुरू हुई थी जिसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार न हो सका। यहाँ एक जुड़ा सवाल वैज्ञानिक साक्षरता का भी है क्योंकि विज्ञान के प्रति भावनात्मक रुझान ही काफी नहीं हो सकती उसकी मुलभूत जानकारी भी आवश्यक है । चूँकि विज्ञान का क्षितिज निरंतर विस्तृत हो रहा है इसलिए वैज्ञानिक साक्षरता का स्तर भी बढ़ता रहता है और उसे नए ज्ञान के आलोक में बार-बार परिभाषित और पुर्नपरिभाषित किए जाने की जरूरत पड़ती है। गौरतलब है कि दुनिया और उसमें होने वाली घटनाओं को लेकर उत्सुकता सदा से वैज्ञानिकों के अध्ययन और विज्ञान के विकास के लिए एक बड़ा प्रेरक स्रोत रही है। परंतु विकसित हो रहे ज्ञान तक पहुँच सिर्फ बिरले और चुनिंदा लोगों की ही हो पाती है जो पहले से विशेष प्रकार का अध्ययन और औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके रहते हैं। यह बात एक हद तक तो समझ में आती है पर इस तरह विकसित होता ज्ञान-सृजन व्यापक लोक-जीवन से प्रायः अछूता ही बना रहता है। ज्ञान और समाज के बीच में एक बड़ी खाई या दूरी बनी रहती है जिससे ज्ञान पर कुछ लोगों या समूहों का एकाधिकार और वर्चस्व समाज में शोषण और असंतुलन पैदा करता है। मानवता का इतिहास इसका गवाह है कि ज्ञान में जिसे बढ़त रही वही विजयी रहा।

आज भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के उन्नत रूप को लेकर विकसित राष्ट्रों के द्वारा इसी युक्ति से दबदबा बनाया जा रहा है। सत्य यही है कि समाज का बहुलांश या कहें एक बहुत बड़ा तबका ज्ञान-विज्ञान से अनभिज्ञ और ज्ञान-प्रक्रिया से बहिष्कृत-सा ही बना रहता है। इस तरह के अपरिचय के कारण उनको उस ज्ञान से लाभ मिलना एक बड़ी चुनौती हो जाती है। शिक्षा के सामाजिक वितरण में असमानता का मुद्दा जन-कल्याण के व्यापक लक्ष्य को पाने में बड़ी बाधा बन जाता है और अनेक स्तरों पर बना हुआ है।

लोकतंत्र की दृष्टि से इस तरह का भेदभाव समाज को ज्ञानसम्पन्न होने के मार्ग में एक बड़ा रोड़ा बन जाता है। ज्ञान के अभाव का परिणाम यह होता है कि न केवल सामाजिक-आर्थिक विषमताएं पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती चली आती हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतिरोध भी होता है और समाज शैक्षिकझआर्थिक तौर पर पिछड़ जाता है। आज के तथाकथित ज्ञान युग में भी देश के अनेक समुदाय ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देश भी ज्ञान सृजन और ज्ञान के अनुप्रयोग की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। इस विसंगति के समाधान के लिए ज्ञान पर एकाधिकार से आगे बढ़ कर उसका व्यापक पैमाने पर प्रसार जरूरी है।

इधर कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय जगत में ज्ञान के प्रजातंत्री- करण को लेकर गंभीरता के कुछ संकेत दिखाई पड़ रहे हैं। इस सिलसिले में शुरू हुई ह्लजन-विज्ञानह्ल (सिटीजन साइंस) नाम की पहल उल्लेखनीय है। यह पहल गैर व्यवसायी वैज्ञानिकों या नागरिक जनों द्वारा वैज्ञानिक शोध में सक्रिय भागीदारी की परिघटना को व्यक्त करती है। इसे सक्रिय प्रतिभागी अनुसंधान (ऐक्शन रिसर्च) का ही एक रूप कहा जा सकता है। इसमें विभिन्न मात्रा में शोध कार्य करने के दौरान उसके विभिन्न चरणों में जन-भागीदारी को अवसर दिया जाता है। यह भागीदारी अप्रत्यक्ष और निष्क्रिय सहयोग से आरम्भ हो कर शोध में प्रत्यक्ष सहयोग-सहकार की सीमा तक जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यूरोपियन कमीशन, अमेरिकी सरकार और संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्थाओं और व्यवस्थाओं द्वारा जन-विज्ञान की पहल को अब विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

आज की दुनिया में औद्योगिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन जिस तेजी से हो रहे हैं उसे देखते हुए समाज विज्ञानों के लिए जन-विज्ञान की पहल का महत्व और बढ जाता है। आज के परिवेश में लोगों के व्यवहार, संज्ञान, निर्णय-प्रक्रिया, प्रेरणाएँ, भावनाएं, मनोवृत्तियाँ, सहयोग तथा संघर्ष आदि के नए-नए आयाम उभर रहे हैं जिनको समझने के लिए परम्परागत समाज विज्ञान अपर्याप्त है। उसके लिए एक व्यापक सामाजिक आधार वाली दृष्टि की जरूरत है।

सामाजिक विज्ञानों में आम जन शोध में प्रतिभागी के रूप में भाग लेते

# भारतीय सेना के शौर्य तथा पराक्रम का जीवंत प्रतीक

**संजीव**

1999 में कारगिल में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक के रूप में देश में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को ऑपरेशन विजय के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कारगिल युद्ध में पाकिस्तान की सेना को 28000 फुट ऊंचाई में भारतीय फौज ने अपने साहस और वीरता से परास्त कर फौज को वापस जाने पर मजबूर कर दिया था। इस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि तथा नमन करते हुए याद करने की दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1998 में भारत तथा पाकिस्तान दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण किए जाने से तेजी से युद्ध का माहौल बन गया था और स्थिति को शांत तथा युद्ध से दूर रखने के प्रयास में दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर भी किए थे।कारगिल युद्ध की शुरूआत पाकिस्तान द्वारा कारगिल क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा जमाने के कारण हुई। भारतीय सेना ने 3 मई

1999 को कारगिल क्षेत्र की इन महत्वपूर्ण पहाड़ियों में पाकिस्तान सेना से मुक्त करने के लिए युद्ध की घोषणा की। युद्ध लगभग 60 दिनों तक जारी रहा और 26 जुलाई को भारतीय सेना ने कारगिल की पहाड़ियों में घुसपैठियों को मार कर उसे क्षेत्र को मुक्त कर भगा दिया। इस कारगिल युद्ध में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई एवं बड़ी संख्या में सैनिक हताहत भी हुए भारतीय सेना के भी जवान ईस युद्ध में शहीद हुए जिनकी शहादत को नमन तथा श्रद्धांजलि अर्पित करने हर 26 जुलाई को ऑपरेशन विजय बड़ी ही श्रद्धा एवं भावभीने तरीके से मनाया जाता है। इस युद्ध की शुरूआत में पाकिस्तान ने अपने अर्धसैनिक बल रेजीमेंट तथा नियमित पाकिस्तान फौज गुप्त रूप से कारगिल के क्षेत्र में भेजी थी और खुले तौर पर भारतीय नियंत्रित क्षेत्र में 132 सुविधाजनक अड्डों पर अपना नियंत्रण कर लिया था। पाकिस्तानी सेना में कश्मीरी गोरिल्ला और अफगान के भाड़े के सैनिक भी शामिल थे। मई 99 की शुरूआत में कई क्षेत्र में इन घुसपैठियों का पता नहीं चल पाया था भारतीय सेना ने घुसपैठ के खिलाफ सुना नहीं भेजी थी।इसके फल स्वरुप पाकिस्तान द्वारा गोलाबारी से कश्मीरी गुरिल्लाओं तथा तालिबानी आतंकवादियों को घुसपैठ करने के लिए कवरेज प्रदान किया गया था। 15 मई 1999 तक पाकिस्तान द्वारा 250 से 300 किलोमीटर तक कब्जा कर लिया गया था इसके बाद फिर भारतीय फौजी की कई रेजीमेंट तथा डिवीजन को पाकिस्तानी आतंकवादी विरोधी तथा पाकिस्तान के विरुद्ध तैनात होने के आदेश दिया गया। पाकिस्तान ने टोप खाने सहित भारी संख्या में लैंड माइंस तथा विमान टोही रडार भी कारगिल की चोटियों में स्थापित कर लिए थे।

# जो बच्चे जीतकर आए थे, हार कैसे गए...

**आईआईटी,** एनआईटी और आईआईएम जैसे संस्थान हर पढ़ने वाले छात्र और उनके परिवारों का सपना होते हैं। सालों की मेहनत, रातों की नींदें, लाखों की कोचिंग और मां-बाप की हर उम्मीदझ सब कुछ इस एक सीट के लिए दांव पर लगा होता है। जब वह सीट मिलती है, तो लगता है कि ज़िंदगी जीत ली। लेकिन हाल ही में आईआईटी खड़गपुर से आई खबरों ने इस जीत की चमक के पीछे छुपा एक ऐसा स्याह सच उजागर कर दिया । यहां एक ही साल में चार छात्रों की आत्महत्या की है। यह कोई अपवाद नहीं। बीते एक दशक में भारत के टॉप संस्थानों में आत्महत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आंकड़े कहते हैं कि हर साल ऐसे 30 से 40 छात्र आत्महत्या कर लेते हैं, लेकिन असल संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है – क्योंकि बहुत से मामले रिपोर्ट ही नहीं होते। इस देश में जो छात्र सबसे होशियार, टॉपर और घर का गौरव कहे जाते हैं, वे आखिर खुद को खत्म करने जैसा फैसला क्यों कर बैठते हैं? इसका जवाब सीधा नहीं, बहुत जटिल है। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में जाना जितना मुश्किल है, वहां टिके रहना उससे भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। वहां पहुंचते ही शुरू हो जाती है एक अंतहीन दौड़ – नंबरों की, इंटर्नशिप की, प्लेसमेंट की और अब तो स्टार्टअप और सोशल मीडिया ब्रांडिंग की भी। हर तरफ सफलता की परिभाषा ह्लमिलियन डॉलर पैकेजह्ल है। कोई एक दिन धीमा हुआ तो उसे पीछे छूटने का डर सताने लगता है और यही डर, धीरे-धीरे दिल-दिमाग में घर बना लेता है। इन संस्थानों के कैंपस चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, उनके हॉस्टल्स कितने भी आबाद क्यों न दिखें पर सच्चाई यह है कि




वहां एक अजीब-सी तन्हाई बसती है, एक ऐसी तन्हाई, जो बाहर से नहीं, भीतर से खाए जाती है। भाषा की दीवार, नए माहौल की असहजता, पढ़ाई का लगातार दबाव और परफेक्ट बने रहने की अंधी दौड़ – ये सब मिलकर छात्र को उस जगह पर ले जाते हैं जहां वो खुद को नाकाम, अकेला और अस्वीकार्य मानने लगता है। यह सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं है। इन संस्थानों में बहुत सारे छात्र दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से भी आते हैं। उनके लिए संघर्ष सिर्फ अकादमिक नहीं, सामाजिक भी होता है। उन्हें बार-बार जताया जाता है कि वे कोटा से आए हैं, मेरिट से नहीं। प्रोफेसर हों या साथी छात्र, भेदभाव खुलकर भले न करें, लेकिन व्यवहार से झलक जाता है। पहचान पर लांछन लगाना, सवाल करना और मानसिक रूप से अलग-थलग कर देना– ये एक इंसान को अंदर से तोड़ने के लिए काफी है।

फिर परिवार का दबाव भी होता है। कई छात्र ऐसे परिवारों से आते हैं जहां पहली बार किसी ने आईआईटी और आईआईएम का मुंह देखा होता है। उनके लिए वह बच्चा सिर्फ एक छात्र नहीं, पूरे खानदान की उम्मीद होता है। मां-बाप कहते हैंझबेटा, तू ही तो सहारा है और यह सहारा बनने की कोशिश, छात्र को खुद को खो देने पर मजबूर कर देती है। वह डरने लगता है कि अगर असफल हुआ तो सिर्फ खुद को नहीं, अपने परिवार के सपनों को भी तोड़ देगा। इन सबके बीच सिस्टम की सबसे बड़ी चूक यह है कि उसने सफलता की परिभाषा को बहुत संकुचित कर दिया है। टॉपर बनना, 10 सीजीपीए लाना, गूगल या अमेजन में नौकरी पाना– यही सफलता के मानक बन चुके हैं। कोई मिड लेवल जॉब ले ले, ब्रेक ले ले, करियर बदल ले या पढ़ाई धीमे करे – तो उसे फेलियर समझा जाने लगता है। ऐसी सोच एक छात्र को इंसान से मशीन बना देती है और जब मशीन ब्रेक करती है तो कोई नहीं पूछता, बस फाइल बंद हो जाती है।

सबसे बड़ी विडंबना है कि ये सभी संस्थान सक्सेस को ग्लैमराइज तो करते हैं लेकिन फेलियर के लिए कोई ठोस और संवेदनशील व्यवस्था नहीं रखते। काउंसलिंग सिस्टम नाम मात्र का है । या तो काउंसलर होते ही नहीं और अगर होते भी हैं तो स्टूडेंट्स तक उनकी पहुंच नहीं होती। जो छात्र महीनों तक अकेलापन, एंग्जायटी और डिप्रेशन से जूझते रहते हैं, उन्हें खुलकर मदद मांगने में शर्म आती है। डर लगता है कि उन्हें कमजोर समझा जाएगा। वहां आई एम नॉट ओके कहना आसान नहीं होता। इसके अलावा कोई छात्र अगर फेल हो जाए, तो न तो कोई उसे संभालने वाला होता है, न कोई प्रोफेशनल मदद। वहां हर जगह यह सोच हावी होती है कि यहां सब प्रेशर में हैं, तुम भी झेलो लेकिन हर किसी की सहनशक्ति एक जैसी नहीं होती और जब सहनशक्ति जवाब दे देती है, तो छात्र चुपचाप उस चुप्पी को चुन लेता है जिसे आत्महत्या कहते हैं। अब सवाल यह नहीं है कि यह सब क्यों हो रहा है, सवाल यह है कि हम इसके लिए क्या कर रहे हैं?

सबसे पहले तो हमें हर संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य को पाठ्यक्रम जितना ही अनिवार्य बनाना होगा। छात्र जब कॉलेज में दाखिल होता है, उसी दिन से उसे मेंटल हेल्थ से जुड़ी जानकारी, संसाधन और मदद की व्यवस्था दी जानी चाहिए। काउंसलिंग को वैकल्पिक नहीं, जरूरी बनाया जाना चाहिए। हर हॉस्टल में एक पियर लिसनर ग्रुप हो, जहां छात्र अपने जैसे साथियों से बात कर सकें। दूसरा, हमें फेल होने को नॉर्मल बनाना होगा। कोई परीक्षा में पिछड़ जाए तो उसे रिपीट करने, ब्रेक लेने या स्लो-ट्रैक पर चलने के विकल्प बिना किसी शर्म के दिए जाने चाहिए। छात्रों को यह विश्वास होना चाहिए कि संस्थान उनकी असफलता के समय भी उतना ही उनके साथ खड़ा रहेगा जितना सफलता के समय। फेल होने पर सहानुभूति नहीं, समर्थन चाहिए।

तीसरा, भेदभाव के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति होनी चाहिए। चाहे वह प्रोफेसर हो या छात्र, कोई जातिगत या आर्थिक आधार पर भेदभाव करता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई हो। फैकल्टी को सिर्फ विषय पढ़ाना नहीं, इंसान पढ़ाना भी आना चाहिए। उन्हें सेंसिटिविटी और इमोशनल इंटेलिजेंस की ट्रेनिंग दी जाए।

चौथा और सबसे जरूरी, हमें अभिभावकों को भी समझाना होगा कि उनके बच्चे भगवान नहीं हैं। वे इंसान हैं, और इंसान को गलती करने, थकने, रुकने और फिर से चलने का हक होता है।

# बिना जानकारी के विदेश नीति पर न बोलें मुख्यमंत्री भगवंत मान

राकेश सैन

इस माह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 देशों का दौरा किया। इसके साथ ही वे रियो-डी-जेनेरियो के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल हुए। उन्होंने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा की। इस यात्रा पर पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने प्रश्नचिन्ह लगाते हुए पूछा कि इस यात्रा से क्या मिला, क्योंकि इनमें से कुछ देश तो दस हजार की जनसंख्या वाले हैं। इनसे ज्यादा लोग तो हमारे यहां जेसीबी देखने के लिए इकट्ठा हो जाते हैं। इस तरह के बयान पर विदेश मंत्रालय ने बिना किसी का नाम लिए आपत्ति भी जताई है। अपरिपक्व बुद्धि इस तरह के बयान पर मुस्कुरा सकती है परन्तु थोड़ी समझ रखने वाले यही कह रहे हैं कि बिना जानकारी के मुख्यमंत्री को विदेश नीति पर कुछ नहीं बोलना चाहिए।

प्रधानमंत्री की इस 8 दिवसीय यात्रा से ग्लोबल साउथ, विशेष रूप से अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में भारत की स्थिति मजबूत हुई। चीन के ऋण में फंसे घाना, अर्जेंटीना और नामीबिया में उसके प्रभाव को संतुलित करने की रणनीति को आगे बढ़ाया गया है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख मजबूत हुआ। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा को ब्रिक्स के संयुक्त घोषणापत्र में शामिल करवाने में कूटनीतिक सफलता मिली है। इस यात्रा में लगभग पांचों देशों के साथ यूपीआई समझौते किये। भारत-अफ्रीका सम्बन्धों को नई दिशा, विशेष रूप से घाना और नामीबिया के साथ व्यापारिक व सांस्कृतिक आदान-प्रदान की पहल की गई है। त्रिनिदाद और टोबैगो के साथ सांस्कृतिक और प्रवासी सम्बन्धों को बढ़ावा मिला है। ब्राजील के साथ व्यापार और रक्षा सहयोग में वृद्धि हुई है। इन देशों के साथ हुए समझौतों की सूची काफी लम्बी है, जो दोनों पक्षों के हित में है। वैसे श्री भगवंत मान का विचार मौलिक रूप से भारतीय सिद्धान्त वसुधैवकुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः और सरबत्त दा भला के भी खिलाफ है, जो समस्त विश्व को एक परिवार मानता है और सबके मंगल की कामना करता है। परिवार में किसी को छोटा-बड़ा देख कर सम्मान व सहयोग नहीं किया जाता। हम सब का कल्याण चाहते हैं, किसी को छोटाबड़ा देख कर नहीं। तकनीकी रूप से भी श्री भगवंत मान ठीक नहीं क्योंकि संयुक्त राष्ट्र में हर देश का एक ही वोट है। किसी देश की जनसंख्या देख कर वोट की शक्ति नहीं तय की जाती। दस हजार की जनसंख्या वाले देश का भी एक वोट है और 140 करोड़ की आबादी वाले देश का भी एक ही वोट है। इतिहास साक्षी रहा है कि भारत का शक्तिशाली व समृद्ध होना केवल भारतीयों के लिए ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए कल्याणकारी है।

भारत ने सदैव गरीब व जरूरतमंद देशों की सहायता की है, न कि किसी को एहसान तले दबा कर उसका शोषण किया। कोरोनाकाल में भी भारत ने अपने नागरिकों की सेवा के साथ विदेशों में भी दवाईयां भेजीं। विश्व में कहीं भी त्रासदी घटती है तो भारत का यही प्रयास रहता है कि किस तरह आगे बढ़ कर उस देश व समाज की सहायता की जाए। अपनी विस्तारवादी नीति के चलते चीन अफ्रीकी देशों में प्रभुत्व जमा रहा है, इन गरीब देशों की आर्थिक सहायता कर उन्हें अपने चंगुल में ले रहा है। समय आने पर विश्व पटल पर चीन इनका प्रयोग भारत के खिलाफ भी कर सकता है। ऐसे में इन देशों की सहायता करना, समानता के आधार पर व्यापारिक व सांस्कृतिक आदान-प्रदान के समझौते करना न केवल इन देशों बल्कि खुद भारत के लिए भी लाभदायक व दूरदृष्टि वाला कदम है।

केवल इतना ही नहीं, श्री मोदी को इस 8 दिवसीय दौरे के दौरान 5 देशों की यात्रा में 5 अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले जो विश्व में भारत के बढ़ते दबदबे के संकेत हैं। इससे मोदी को मिले अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों की संख्या 27 हो चुकी है। घाना में उन्हें द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो में द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, ब्राजील में ग्रैण्ड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द साउदर्न क्रॉस, अर्जेंटीना में की टू द सिटी सम्मान दिया गया।

# दो बच्चों के साथ गायब विवाहिता को खोजने के लिए पुलिस मांग रही पैसा




**सबसे तेज प्रयागराज**
**सैनी ,कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रूप नारायणपुर गोरियों गांव की एक विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ 15 दिन पूर्व अचानक गायब हो गई है पुलिस की जांच में उसका लोकेशन मिलने के बावजूद भी घर से बेटे बेटी के साथ गायब होने वाली विवाहिता घर में रखा नगद रुपए सोने चांदी के जेवर सहित लगभग 5 लाख रुपए का सामान भी उठा ले गई है विवाहिता का पति रोजी-रोटी के चलते मुम्बई में रहता था मामले की जानकारी जब उसके पति को लगी तो उसने मामले की सूचना सैनी कोतवाली पुलिस को दिया है कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा अपराध संख्या 396 सन 2025 गम्भीर धाराओं में दर्ज कर लिया है विवाहिता के पति का कहना है कि वह विवाहिता और बच्चों को खोजते खोजते संभावित स्थान पर पहुंच गया जहां आरोपी युवक और उसके परिवार के लोगों ने उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया है विवाहिता और बच्चों को वापस नहीं भेजा है इस संबंध में जब विवाहिता का पति चौकी इंचार्ज सिराथू से मिला और विवाहिता और बच्चों को खोजने की गुहार लगाई तो चौकी इंचार्ज ने कहा कि आने-जाने का खर्चा लगेगा होटल में रहने का खाना खर्चा लगेगा चार पहिया गाड़ी की बुकिंग का खर्चा होटल में रहने खाने का खर्चा दे दो तब चलेंगे जब विवाहिता के पति ने पूछा कि खोजने में कितना खर्चा लगेगा तो चौकी इंचार्ज का कहना है कि 30000 रुपए लगभग खर्च आएगा और खर्च का प्रबंध कर दो तब फिर विवाहिता को खोजने चलेंगे विवाहिता का पति पुलिस को खर्चा देने की स्थिति में नहीं है जिससे बच्चे और विवाहिता को खोजने के लिए पुलिस तैयार नहीं है विवाहिता और बच्चों के न मिलने से उसका पति परेशान दिखाई पड़ रहा है बताया जाता है कि विवाहिता अपने साथ 17 वर्ष की बेटी और 9 वर्ष के बेटे को साथ लेकर गई है धीरे-धीरे घटना को 15 दिन बीत गए हैं लेकिन विवाहिता को पुलिस नहीं खोज सकी है और इस मामले में चौकी इंचार्ज की भूमिका पर भी तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधिकारियों को सूचित किया जिस पर पुलिस अधिकारियों ने सीओ सिराथू को निर्देशित करते हुए विवाहिता और उसके बच्चों को बरामद करने का निर्देश दिया है।

## सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक (प्रा0) परीक्षा-2025 को सकुशल, नकलविहीन व सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार

### परीक्षा की शुचिता पर प्रभाव डालने का प्रयास करने वालो के विरूद्ध की जायेगी कड़ी कार्रवाई-जिलाधिकारी

### परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के दिए निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक (पुरूष/महिला शाखा) (प्रा0) परीक्षा-2025 को सकुशल, नकलविहीन व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक (पुरूष/महिला शाखा) (प्रा0) के सकुशल, नकलविहीन व सुचितापूर्ण ढंग से आयोजन के लिए सेक्टर मजिस्टेज्ट एवं स्टैटिक मजिस्टेज्ट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी व संवेदनशीलता के साथ परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता में किसी भी प्रकार का व्यवधान डालने वालो के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा का आयोजन दिनांक 06, 07 एवं 21 दिसम्बर, 2025 को दो पालियों में पूर्वान्हन 09:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा अपरान्हन 03:00 बजे से 05:00 बजे तक होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, एसीपी विमल किशोर मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण **कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया।**

## वारंटी को जीआरपी पुलिस ने पकड़ा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे व पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज द्वारा रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया व ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम, एनबीडब्लू अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी एवं अवैध तस्करी के मद्देनजर चलायें जा रहे अभियान के क्रम



में क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रयागराज अरूण पाठक के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह थाना जीआरपी प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 कन्हैया कुमार प्र0 चौकी जीआरपी रामबाग थाना जीआरपी प्रयागराज मय पुलिस टीम द्वारा समय करीब 08.45 बजे माननीय न्यायालय अरख-09 इलाहाबाद द्वारा जारी एनबीडब्लू सम्बन्धित एनडीपीएस एक्ट थाना जीआरपी प्रयागराज सरकार बनाम महेन्द्र छाबड़ा उर्फ मोनू उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जो काफी दिनों से फरार चल रहा था।

# तीन साइबर अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़े

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** पोलो ग्राउंड मजार के पास सिविल लाइन्स क्षेत्र से खातो का उपयोग म्यूल एकाउंट के रुप में प्रयोग करके साइबर अपराध, संगठित साइबर अपराध करने वाले 3 नफर अभियुक्त आलोक रंजन गौरव निवासी 450/4 चाँदपुर सलोरी थाना शिवकुटी प्रयागराज वर्तमान पता गद्दोपुर शान्तिपुरम थाना फाफामऊ प्रयागराज, शुभम कन्नौजिया निवासी गद्दोपुर शान्तिपुरम थाना फाफामऊ प्रयागराज और पार्शव शर्मा निवासी लेन नं0 01 म0स0 01 तालाब तिल्लो थाना दोमाना जनपद जम्मू राज्य जम्मू कश्मीर वर्तमान पता फ्लैट नं0 110 गनपति टावर विद्याधर नगर जनपद जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया।




इनके कब्जे से 4 एन्ड्रायड मोबाइल फोन, 1 एप्पल मोबाइल फोन, 6 सिम कार्ड, 6 पासबुक, 6 अदद चेक बुक, 3 एटीएम कार्ड, 8 स्टाम्प पेपर, 5 उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, खाता खुलने का फार्म 6, बैंक डिपोजिट पे स्लिप 80 समेत विभिन्न कम्पनी के 7 मोहर तथा एक वाहन कार नं0 JK02CU2752 बरामद हुआ। वाहन सं0 JK02CU2752 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## पुलिस पवेलियन के जीआरपी स्टॉल को आगंतुकों को विजिट किया




**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** 19वीं नेशनल जम्बूरी, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, लखनऊ में आयोजित पुलिस पवेलियन के जीआरपी स्टाल को बड़ी संख्या में आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक विज़िट किया। आगंतुकों ने जीआरपी की कार्यप्रणाली, रेलवे सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रियों की सुरक्षा हेतु अपनाई जाने वाली आधुनिक तकनीक और प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा। स्टॉल पर प्रदर्शित सतर्कता प्रणाली, सुरक्षा उपकरणों और टीम की प्रोफेशनल तैयारी ने सभी पर गहरा एवं सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। आगंतुकों द्वारा रेलवे सुरक्षा के मजबूत नेटवर्क और जीआरपी की जनसेवा-भावना




की खुलकर सराहना की गई। इस दौरान स्टॉल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों को डीजी जीआरपी प्रकाश डी द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ अमित सिंह, उपनिरीक्षक कृष्ण देव वर्मा, महिला मुख्य आरक्षी स्वाती पाल, आरक्षी अविनाश तिवारी,
आरक्षी मानेन्द्र विक्रम सिंह, आरक्षी धर्मेंद्र कुमार वर्मा,सम्मान से टीम का मनोबल और सेवा-भाव और अधिक प्रबल हुआ।

## प्रयागराजः शार्ट सर्किट से घर में आग लगी, जिंदा जलकर युवक की मौत



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के कैन्ट थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह के समय एक घर में अचानक आग लगी, जिससे लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। आग में फंसे बच्चों एवं पत्नी को बचाने में युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे अग्नि शमन दस्ते ने आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट माना जा रहा है।
पुलिस उपायुक्त (नगर) मनीष कुमार शांडिल्य ने बुधवार को बताया कि गंगा नगर राजापुर मोहल्ला निवासी अजय आनन्द उर्फ ऋषि (38) के घर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और अग्नि शमन दस्ते के कर्मचारी दमकल गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# फिरोजाबादः मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, पैर में गोली लगी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में थाना मक्खनपुर पुलिस व एसओजी टीम ने मंगलवार देर रात दो शातिर लुटेरों अल्ताफ व हसनेन को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल दोनों लुटेरों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।
अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) अनुज चौधरी ने बुधवार को बताया कि 12 अक्टूबर को थाना मक्खनपुर क्षेत्र अन्तर्गत बिल्टीगढ़ चौराहा पर मोटरसाइकिल सवार मोबाइल छीनकर ले गये थे। जिसकी पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया। इसी के क्रम में थानाध्यक्ष



मक्खनपुर चमन कुमार शर्मा मंगलवार देर रात पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। सूचना मिली कि लूट में वांछित अभियुक्तगण शिकोहाबाद मक्खनपुर मार्ग पर किसी घटना को



अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष ने पायनियर पुल के ऊपर सघन चेकिंग की। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध दिखे। रोकने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस
टीम की जवाबी फायरिंग में दो संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये व एक संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्तों की पहचान मक्का कॉलोनी निवासी अल्ताफ, हसनेन के रुप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचा, मय जिंदा कारतूस एवं चार खोखा कारतूस, लूट का मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। एएसपी ने बताया कि फरार अभियुक्त साहिल की पुलिस टीम तलाश कर रही है। वही घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है।

## प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ ऋचा पाठक द्वारा रचित हिंदी उपन्यास पछतावा का विमोचन किया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**वाराणसी।** प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ ऋचा पाठक द्वारा रचित हिंदी उपन्यास पछतावा का विमोचन संस्कार ब्राह्मण महिला संगठन की संस्थापिका वरिष्ठ समाजसेवी ममता द्विवेदी जी के नेतृत्व में किया गया नारी सशक्तिकरण की पर्याय महारानी लक्ष्मीबाई जी के जन्मस्थली पर यह कार्यक्रम किया गया।
उपन्यास की लेखिका डॉ ऋचा पाठक ने बताया कि इस उपन्यास में एक उस व्यक्ति की कहानी है जो अति संवेदनशील है और अपने उस माता-पिता के बहुत करीब है जिन्हें बचपन से उसने बहुत उदास और असंतुष्ट देखा उनके खुद के बड़े बेटे और बहू के उपेक्षा और तिरस्कार के कारण। परिणाम स्वरूप उसका शुरू से ही विवाह जैसी संस्था से भरोसा उठ गया और उसके इस भावना को पुष्पित पल्लवित किया उसके माता-पिता ने। नतीजा अपने ही हाथों अपने वैवाहिक जीवन का अंत कर दिया तलाक देकर और एक निर्दोष और मासूम लड़की बिना किसी कसूर के इस परित्याग का शिकार बनी। लेकिन जब नायक को अपनी गलती का अहसास हुआ तो उसके जीवन में पछतावा के सिवा कुछ नहीं बचा।ये कहानी उस महिला के भी संघर्ष की कहानी है जो निर्दोष परित्यक्ता बनी ,जिस इंसान ने उसके जीवन की सारी खुशियां छीन ली, उसे विपदा के समय निःस्वार्थ भाव से सहयोग दिया। यह सोंचकर कि ऐसे विकट समय में अगर वह भी साथ छोड़ देगी तो वो कभी अपने आप को माफ नहीं कर पाएगी और पछतावा कभी भी उसका पीछा नहीं छोड़ेगा।सचमुच पछतावा ह्रदय के मैल को धो डालता है,माफ कर देना महानता है जो नायिका ने किया।सच पूछिए तो यह कहानी हर उन संवेदनशील व्यक्ति की है जो संवेदनशीलता को अपनी कमजोरी बनाते हैं पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर गलत निर्णय लेते है और फिर जीवन भर उसके लिए पछताते रह जाते हैं।यह उपन्यास समाज में एक आदर्श पेश करता है।

## मोक्ष सदन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 4 दिसंबर को होगा कुमकुमार्चन का आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**वाराणसी।** मोक्ष सदन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट की निदेशिका उषा रानी ने बताया कीं हमारी संस्था द्वारा आगामी 4 तारीख को भव्य कुमकुमार्चन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न होने वाले इस पावन अनुष्ठान में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान, धार्मिक आचार्य एवं श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित होंगे।



कुमकुमार्चन अनुष्ठान के उपरांत संस्था द्वारा नारायण सेवा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद, निर्धन एवं असहाय जनों को ससम्मान भोजन प्रसाद एवं आवश्यक सामग्री वितरित की जाएगी। संस्था का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और संस्कारों का संरक्षण करना है। हम सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओं एवं समाजसेवियों से निवेदन करते हैं कि इस पुण्य कार्य को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## बनारस स्वर्ण कला केंद्र एल एल पी के नये ब्रांड पशुपति का भव्य शुभारंभ

**सबसे तेज प्रयागराज**
**वाराणसी ।** बनारस स्वर्ण कला केंद्र एल एल पी के नए ब्रांड पशुपति का भव्य शुभारंभ शोरूम के अधिष्ठाता सुनील कुमार जायसवाल व उनकी धर्मपत्नी मंजू जायसवाल द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर बनारस स्वर्ण कला केंद्र एल एल पी पशुपति के निदेशक आशीष जायसवाल ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए विशेष 18 कैरेट एवं 22 कैरेट के



लाईट वेट हॉलमार्क ज्वेलरी के आकर्षक रेंज उपलब्ध है ।जो मात्र 5000 रुपए से शुरू होती है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिंस जायसवाल, प्रशांत जायसवाल, आशीष जायसवाल, प्रिया जायसवाल, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह समेत स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## काशी के लाल का हर दिन कमाल

## डंपी तिवारी द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर सैकड़ो दिव्यांग भाइयों बहनों को कंबल वितरण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**वाराणसी।** मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा के आवास पर विश्व दिव्यांग दिवस पर सैकड़ो दिव्यांग भाइयों और बहनों को कंबल वितरण किया गया जिसके मुख्य अतिथि एसीपी कैंट नितिन तनेजा रहे। कंबल वितरण के समय मुख्य रूप से गणमान्य सीमा चौधरी सलीम विपुल दुबे दुर्गेश पांडे अमन मिश्रा विजय शंकर पांडे और सब सहयोगी गण उपस्थित थे।

## तुलसी पौधा देकर समाजसेवी महंत कविराज दास ने किया मनोज शर्मा का सम्मान

**अयोध्या।** स्थानीय सामाजिक व धार्मिक जगत से जुड़े प्रमुख समाजसेवी एवं गौसेवक महंत कविराज दास ने एक सादे लेकिन गरिमामय कार्यक्रम में अयोध्या कोतवाली में तैनात रहे प्रभारी मनोज शर्मा को सम्मानित किया।

## घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोने की कीमत में कमजोरी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,29,810 रुपये से लेकर 1,29,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,18,990 रुपये से लेकर 1,19,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,29,960 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,29,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,18,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,29,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,29,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,18,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## बदरीनाथ नगर पंचायत ने यात्रा काल में एकत्र कूड़े से कमाए आठ लाख रुपये

**देहरादून।** बदरीनाथ धाम यात्रा के दौरान यहां एकत्र कूड़े को नगर पंचायत बदरीनाथ ने अपनी समृद्धि का जरिया बना लिया है। नगर पंचायत ने इस कूड़े का विपणन कर 8 लाख से अधिक की आय अर्जित की है, जो अब जनपद की अन्य नगरपालिकाओं और पंचायतों के लिए भी मॉडल के रूप बन सकता है। बदरीनाथ धाम में सफाई व्यवस्था का जिम्मा नगर पंचायत के पास है। जिसके लिए पंचायत की ओर से जहां प्रतिवर्ष यात्राकाल में यहां पर्यावरण मित्रों की तैनाती की जाती है। वहीं कूड़ा निस्तारण के लिए एम आर एफ सेंटर, कॉम्पेक्टर मशीन, ऑर्गेनिक वेस्ट कनवर्टर मशीन के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। जिनके माध्यम से एक ओर नगर पंचायत की ओर से प्लास्टिक और अन्य कचरे के ब्लॉक बनाकर विपणन किया जाता है। वहीं खाद्य सामग्री के कचरे से कम्पोस्ट खाद बनाकर बेचा जा रहा है। जिससे धाम में सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के साथ पंचायत को अच्छी खासी आय भी प्राप्त हो रही है। इस यात्राकाल में बदरीनाथ नगर पंचायत ने कुल 230 टन कूड़े का निस्तारण किया है। जबकि 133 टन सूखे के ब्लाक और 97 गीले कूड़े की कम्पोस्ट खाद बनाकर 8 लाख 89 हजार 598 रुपए की आय अर्जित की है।

## लोकसभा से मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025 को पास कर दिया है। यह विधेयक अध्यादेश की जगह लेगा। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 02 दिसंबर तक के लिए स्थगित हो गई, जो मंगलवार सुबह 11:00 बजे फिर से शुरू होगी। इससे पहले संसद की शीतकालीन सत्र के पहले दिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल, 2025, नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 और मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025 को पेश किया। मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025, मणिपुर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (दूसरा संशोधन) अध?यादेश की जगह लेगा, जिसे 7 अक्टूबर, 2025 को जारी किया गया था। वित्त मंत्री ने इससे पहले लोकसभा में हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 पेश किया। यह विधेयक नेशनल सिक्योरिटी और पब्लिक हेल्थ पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रिसोर्स बढ़ाने और इन मकसदों के लिए उन मशीनों या दूसरे प्रोसेस पर सेस लगाने के लिए है, जिनसे कुछ सामान बनाया या प्रोड्यूस किया जाता है और उससे जुड़े या उससे जुड़े मामलों के लिए है। इसके अलावा सीतारमण ने संसद के निचले सदन लोकसभा में सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल, 2025 पेश किया। ये विधेयक सेंट्रल एक्साइज एक्ट, 1944 में और बदलाव करेगा।

## चावल, चीनी, दालों में तेजी; गेहूं स्थिर; खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल के औसत भाव बढ़ गये। आवक कम रहने से दालों और चीनी में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत कमोबेश स्थिर रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 105 रुपये बढ़कर 3,840.99 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 2,858.40 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 20 रुपये टूट गयी। दाल-दलहनों के भाव चढ़ गये। मसूर दाल औसतन 160 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल की कीमत 211 रुपये और उड़द दाल की 67 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 152 रुपये और मूंग दाल 137 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 21 रिंगिट फिसलकर 4,093 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.35 प्रतिशत की गिरावट में 51.84 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 113 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया।

# आईसीआईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट को आईपीओ के लिए सेबी से मिली अंतिम मंजूरी

एजेंसी

**मुंबई।** देश की बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल) को पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 8 जुलाई 2025 को सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया था।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने एक बयान में बताया कि उसके आईपीओ के लिए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के साथ अंतिम मंजूरी पर मुहर लग गई है। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटर प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स लिमिटेड की ओर से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा। बोनस इश्यू होने के बाद प्रमोटर अधिकतम 4.94 करोड़ इक्विटी शेयर (1 रुपये फेस वैल्यू प्रत्येक) बेच सकेगा।

कंपनी का म्यूचुअल फंड का




तिमाही औसत एयूएम 8.79 लाख करोड़ रुपये है, जो बाजार में सबसे अधिक है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड जल्द ही आईपीओ की तारीखों की घोषणा कर सकती है। यह चालू वित्त वर्ष 2025-26 का सबसे बड़ा एएमसी आईपीओ हो सकता है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस की तारीख तक कंपनी का जारी, सब्सक्राइब और पेड-अ शेयर कैपिटल एक रुपये के 17,652,090 शेयर हैं।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, मॉर्गन स्टैनली इंडिया, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया, एक्सिस कैपिटल, सीएलएसए इंडिया, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, गोल्डमैन सैश (इंडिया), अवेंडस कैपिटल, बीएनपी पारिबा, एचडीएफसी बैंक, जेएम फाइनेंशियल, मोतीलाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट और यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट आईसीआईसीआई बैंक और ब्रिटेन की प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स के बीच 1998 से चल रहा एक संयुक्त उद्यम है। क्रिसिल रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च 2025 तक कंपनी का म्यूचुअल फंड क्वार्टरली एवरेज एयूएम (क्यूएएयूएम) 8.79 लाख करोड़ रुपये था, जिसके आधार पर उसकी बाजार हिस्सेदारी 13.3 फीसदी है, जो देश में सर्वाधिक है।

## सरकार ने कोयला, लिग्नाइट की खोज के लिए मंजूरी की प्रक्रिया को बनाया सरल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कोयला एवं लिग्नाइट ब्लॉक से संबंधित अन्वेषण कार्यक्रमों एवं भूवैज्ञानिक रिपोर्ट के लिए अनुमोदन की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नई प्रक्रिया के तहत अब 2022 में इस उद्देश्य के लिए गठित सरकारी समिति से मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। कोयला मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि कोयला एवं लिग्नाइट ब्लॉक से संबंधित अन्वेषण कार्यक्रमों व भूवैज्ञानिक रिपोर्ट के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इस कदम का मकसद कारोबार सुगमता को बढ़ाना और कुशल एवं टिकाऊ अन्वेषण को बढ़ावा देना है। कोयला मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित नई कार्यप्रणाली इसकी वेबसाइट https://www.coal.nic.in/sites/default/files/2025-12/01-12-2025a-wn.pdf पर उपलब्ध है। मंत्रालय के मुताबिक कोयला मंत्रालय ने पहले की कार्यप्रणाली की समीक्षा की है। क्यूसीआई-एनएबीईटी के द्वारा मान्यता प्राप्त एवं अन्य एपीए द्वारा समकक्ष समीक्षा प्राप्त अधिसूचित मान्यता प्राप्त अन्वेषण एजेंसियों (एपीए) द्वारा तैयार कोयला एवं लिग्नाइट ब्लॉक के लिए अन्वेषण कार्यक्रमों व भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) के अनुमोदन के लिए तंत्र को सरल बनाया गया है। कोयला मंत्रालय ने बताया कि? देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए कोयला एवं लिग्नाइट संसाधनों का तेज, अधिक कुशल और प्रौद्योगिकी रूप से मजबूत अन्वेषण जरूरी है। इसके अनुरूप, कोयला मंत्रालय प्रगतिशील सुधारों को लागू करना जारी रखे हुए है जो पारदर्शिता को बढ़ाते हैं, निजी क्षेत्र की भागीदारी को मजबूत करते हैं और देश की ऊर्जा तैयारियों को सुदृढ़ करते हैं।

## सकल जीएसटी राजस्व संग्रह नवंबर में 0.7 फीसदी बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह नवंबर में 0.7 फीसदी की मामूली वृद्धि के साथ 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल नवंबर में जीएसटी राजस?व संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपये से कुछ अधिक रहा था। घरेलू राजस्व में गिरावट के कारण जीएसटी संग्रह कम हुआ है। जीएसटी महानिदेशालय ने बताया कि नवंबर में देश का जीएसटी राजस्व संग्रह 1,70,276 करोड़ रुपये रहा, जो नवंबर, 2024 की तुलना में 0.7 फीसदी अधिक है। वहीं, कुल नेट जीएसटी राजस?व संग्रह 1.3 फीसदी बढ़कर 1.52 लाख करोड़ रुपये हो गया। पिछले महीने अक्टूबर में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 4.6 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया था, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1.87 लाख करोड़ रहा था। नवंबर महीने के 1,70,276 करोड़ रुपये के कुल जीएसटी राजस्व संग्रह में से सीजीएसटी 34,843 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 42,522 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 92,910 करोड़




रुपये शामिल है। वहीं, 1.52 लाख करोड़ रुपये के नेट जीएसटी राजस्व संग्रह में सीजीएसटी 32,664 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 39,805 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 79,611 करोड़ रुपये शामिल है। जीएसटी महानिदेशालय के मुताबिक नवंबर में सकल घरेलू राजस्व 2.3 फीसदी घटकर 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह गिरावट 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी के बाद आई है। वस्तुओं के आयात से राजस्व 10.2 फीसदी बढ़कर 45,976 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी हुई हैं। उल्लेखनीय है कि नवंबर महीने में कुल रिफंड में चार फीसदी की गिरावट देखी गई है, जो 18,196 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 18,954 करोड़ रुपये रहा था।

## पश्चिम बंगाल में महंगी हुई शराब, सरकार को चार हजार करोड़ की अतिरिक्त आय की उम्मीद

एजेंसी

**कोलकाता।** राज्य सरकार की पूर्व घोषणा के अनुसार एक दिसंबर से पश्चिम बंगाल में शराब की कीमतों में बढ़ोतरी लागू हो गई है। नए नियम के तहत राज्य में नया आबकारी शुल्क प्रभावी हो गया है। पश्चिम बंगाल के आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि बीयर को छोड़कर देशी व विदेशी सभी तरह की शराब पर अतिरिक्त टैक्स लगाया गया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, नई नीति में 750 मिलीलीटर विदेशी शराब की बोतलें 30-40 रुपये तक महंगी हो गई हैं। वहीं 180 मिलीलीटर पैक पर 10 रुपये की वृद्धि की गई है। देशी शराब खरीदने पर भी उपभोक्ताओं को लगभग 10 रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। विभाग ने शराब विक्रेताओं को पहले ही निर्देश दिया था कि उनके पास मौजूद पुराने स्टॉक को 30 नवंबर तक पुरानी कीमतों में बेच देना होगा। एक दिसंबर से पुराने स्टॉक समेत नया माल भी नई कीमतों पर ही बेचा जाएगा। इसके



लिए प्रत्येक बोतल पर नई कीमत का स्टिकर लगाना अनिवार्य है।पुरानी कीमत पर शराब बेचते पकड़े जाने पर विक्रेता के खिलाफ जुर्माना, यहां तक कि लाइसेंस रद्द करने तक की सख्त कार्रवाई की जा सकती है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले चुनावों से पहले राज्य की राजस्व-आय बढ़ाने के उद्देश्य से ममता बनर्जी सरकार ने यह कदम उठाया है। प्रशासनिक अधिकारियों के एक वर्ग का कहना है कि इस बढ़ोतरी से 2025-26 वित्त वर्ष में करीब चार हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त राजस्व आय होने की संभावना है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि बढ़े हुए राजस्व का उपयोग सरकार विकास योजनाओं में आवंटित कर सकती है। अगले साल चुनाव से पहले राज्य सरकार का अंतरिम बजट पेश होना है, जिसमें इस अतिरिक्त आय को विकास परियोजनाओं में खर्च करने की घोषणा की जा सकती है। यही वजह बताई जा रही है कि राज्य में शराब के दामों में वृद्धि की गई है।

# साईं पैरेंटरल लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया की नौमेड फार्मा को 125 करोड़ रुपये में खरीदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद की फार्मास्युटिकल कंपनी साईं पैरेंटरल लिमिटेड (एसपीएल) ने ऑस्ट्रेलिया की नौमेड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड का 125 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। यह 60 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की रेवेन्यू वाली एक कंपनी है, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में फार्मेसी चेन को प्राइवेट लेबल ओवर द काउंटर (ओटीसी) प्रोडक्ट्स की सप्लायर है। एसपीएल ने एडिलेड की फार्मास्यूटिकल कंपनी नौमेड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में 74.6 फीसदी कंट्रोलिंग हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की, जिसकी कुल कीमत भारतीय मुद्रा में 125 करोड़ रुपये है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल केके ने कहा कि यह अधिग्रहण ग्लोबल, इनोवेशन-लेड फॉर्मूलेशन और सीडीएमओ प्लेटफॉर्म बनने की हमारी यात्रा में एक अहम और बदलाव लाने वाला




मील का पत्थर है।

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मार्क थुलबोर्न ने कहा कि हम इस स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को फॉर्मल बनाने के लिए उत्साहित हैं। साईं पैरेंटरल के साथ काफी समय तक काम करने के बाद हमें भरोसा है कि हम मिलकर अपने प्रोडक्ट पाइपलाइन को तेज़ कर सकते हैं।

साईं पैरेंटरल लिमिटेड ने 30 सितंबर को पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी के समक्ष अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी पांच रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाले इस ऑफर में 285 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू और मौजूदा शेयरहोल्डर्स द्वारा 3,500,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। साईं पैरेंटरल लिमिटेड (एसपीएल) एक भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनी है। यह एक डायवर्सिफाइड फार्मास्यूटिकल फॉर्मूलेशन कंपनी भी है, जो विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के लिए पैरेंटरल फॉर्मूलेशन (इंजेक्टेबल दवाएं) के निर्माण में विशेषज्ञता भी रखती है। यह ब्रांडेड जेनेरिक फॉर्मूलेशन और कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन (सीडीएमओ) सेवाओं के क्षेत्रों में काम करती है। कंपनी की स्थापना 2001 में हुई थी और यह डब्ल्यूएचओ-जीएमपी और आईएसओ प्रमाणित है।

## विमान ईंधन की कीमत 5.4 फीसदी बढ़ी, नई दरें लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में 5.4 फीसदी का इजाफा किया है। तेल कंपनियों ने वैश्विक रुझानों के अनुरूप एटीएफ में मासिक मूल्य संशोधन की घोषणा की है। हालांकि, मूल्य परिवर्तन के प्रभाव पर विमानन कंपनियों से तत्काल कोई टिप्पणियां नहीं मिल पाई है। नई दरें सोमवार से प्रभावी हो गयी हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक एटीएफ के दाम में इजाफा के बाद नई दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,133.75 रुपये



बढ़कर 99,676.77 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। वहीं, मुंबई में एटीएफ की कीमत 93,281.04 रुपये प्रति किलोलीटर, जबकि चेन्नई और कोलकाता में कीमतें क्रमशः 1,03,301.80 रुपये और 1,02,371 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय मानकों और विनिमय दर के आधार पर विमान ईंधन की कीमतों में संशोधन करती हैं। स्थानीय करों के कारण ईंधन की कीमतें अलग-अलग शहरों में अलग-अलग होती हैं।

# डॉलर की तुलना में रुपये ने बनाया ऑल टाइम लो का नया रिकॉर्ड, 10 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुई भारतीय मुद्रा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों, स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और डॉलर की मांग बढ़ने का असर आज भारत के मुद्रा बाजार में साफ नजर आया। मुद्रा बाजार में बने नकारात्मक माहौल के कारण रुपया आज डॉलर की तुलना में कमजोर होकर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा आज 34 पैसे फिसल कर 89.79 रुपये प्रति डॉलर के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, बाद में बाजार में डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपये की स्थिति में सुधार हुआ। पूरे दिन के उतार चढ़ाव के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 10 पैसे की कमजोरी के साथ 89.55 (अनंतिम) के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा 89.45 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के



कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की तेजी के साथ 89.43 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद रुपया और 1 पैसे की मजबूती के साथ 89.42 के स्तर तक पहुंचा। हालांकि थोड़ी देर बाद ही निगेटिव सेंटिमेंट्स बन जाने और डॉलर की मांग में तेजी आ जाने के कारण भारतीय मुद्रा लुढ़क कर ऑल टाइम लो का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 89.79 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक गिर गई। दोपहर के बाद मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग घटने के कारण रुपये की स्थिति में कुछ सुधार हुआ, जिसके कारण भारतीय मुद्रा 10 पैसे की कमजोरी के साथ 89.55 रुपये प्रति डॉलर (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी कमजोर प्रदर्शन किया। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 34.15 पैसे की कमजोरी के साथ 118.51 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 59.96 पैसे की गिरावट के साथ 104.08 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ। आपको बता दें कि साल 2025 में रुपया डॉलर की तुलना में 4.77 प्रतिशत तक कमजोर हो चुका है। इस साल के पहले दिन 1 जनवरी को भारतीय मुद्रा 85.70 रुपये के स्तर पर थी, जो अब 89.79 के स्तर तक फिसल चुकी है। इस साल रुपये 2022 के बाद सबसे बड़ी गिरावट आई है। इसकी वजह से इस साल रुपया डॉलर की तुलना में सबसे ज्यादा खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसियों में शामिल हो गया है। मौजूदा कैलेंडर इयर में रुपये ने मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों में से सिर्फ अर्जेंटीन के पेसो और टर्किश लीरा से ही बेहतर प्रदर्शन किया है।

# औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अक्टूबर महीने में घटकर 0.4 फीसदी पर रही

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश का औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अक्टूबर महीने में घटकर 0.4 फीसदी पर रही, जो 13 महीने का निचले स्तर है। पिछले साल की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा था। बिजली और खनन क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से औद्योगिक उत?पादन में गिरावट आई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बताया कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित देश की औद्योगिक उत्पादन दर अक्टूबर में विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से घटकर 13 महीने के सबसे निचले स्तर 0.4 फीसदी पर आ गई। इससे पिछले महीने सितंबर और अगस्त में 4 फीसदी और जुलाई में 3.5 फीसदी और जून में 1.5 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक औद्योगिक



उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर घटी है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर सितंबर, 2024 में दर्ज किया गया था, जब यह स्थिर रहा था। इसके साथ ही एनएसओ ने सितंबर, 2025 के आंकड़ों को संशोधित करते हुए आईआईपी वृद्धि दर को चार फीसदी से बढ़ाकर 4.6 फीसदी कर दिया है। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.8 फीसदी पर आ गई, जबकि पिछले साल यह 4.4 फीसदी थी। अक्टूबर में खनन क्षेत्र के उत्पादन में 1.8 फीसदी की गिरावट आई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 0.9 फीसदी बढ़ा था। इस दौरान बिजली उत्पादन में भी 6.9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि पिछले साल यह दो फीसदी बढ़ा था। इसके साथ वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) में देश के औद्योगिक उत्पादन में कुल 2.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह चार फीसदी थी।

## चालू खाते का घाटा दूसरी तिमाही में कम होकर 12.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** चालू खाते का घाटा (सीएडी) मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कम होकर 12.3 अरब डॉलर रह गया जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.3 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सीएडी 20.8 अरब




डॉलर (जीडीपी का 2.2 प्रतिशत) रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि वस्तु व्यापार घाटा 87.4 अरब डॉलर रहा। यह एक साल पहले 88.5 अरब डॉलर था। वहीं, सेवाओं के निर्यात से प्राप्त शुद्ध आय 44.5 अरब डॉलर से बढ़कर 50.9 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 2.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) नकारात्मक रहा है और एफपीआई निवेशकों ने 5.7 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की है। अनिवासी भारतीयों की निवेश एक साल पहले के 6.2 अरब डॉलर से घटकर 2.5 अरब डॉलर रह गया।

# मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी गिरे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती का नया रिकार्ड बनाने के बाद बिकवाली के दबाव में फंस कर कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। निफ्टी ने ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड से कारोबार की शुरुआत की, जबकि सेंसेक्स बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। इसके बाद ग्लोबल मार्केट के कमजोर संकेत, रुपये की कमजोरी, ब्याज दर में कटौती को लेकर बनी आशंका, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण शेयर बाजार में निगेटिव सेंटीमेंट्स हावी हो गए। इस वजह से बाजार अपनी सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत और निफ्टी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटो सेक्टर के शेयरों में नवंबर के अच्छे आंकड़ों की वजह से लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरफ मेटल, आईटी, कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, हेल्थ केयर, फार्मास्यूटिकल्स और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इनके अलावा बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशक आखिरकार फायदे में ही रहे। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 474.48 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 474.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 13 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,455 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,842 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,401 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 212 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,856 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,231 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,625 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 359.25 अंक की मजबूती के साथ 86,065.92 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 452.35 अंक की तेजी के साथ 86,159.02 अंक के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। खासकर, दोपहर 11:30 बजे के बाद बिकवाली का दबाव काफी तेज हो गया, जिसके कारण शाम 3 बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 669.37 अंक टूट कर 217.02 अंक की कमजोरी के साथ 85,489.65 अंक तक गिर गया। कारोबार के आखिरी आधे घंटे में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से डेढ़ सौ अंक से अधिक की रिकवरी करके 64.77 अंक की गिरावट के साथ 85,641.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 122.85 अंक उछल कर 26,325.80 अंक के नए ऑल टाइम हाई लेवल से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में मामूली गिरावट भी आई।

## ओलंपियन सिफ्त कौर समरा को 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स में फिर शूटिंग के शामिल होने की उम्मीद

एजेंसी

**जयपुर।** ओलंपियन सिफ्त कौर समरा को भरोसा है कि जब भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा, तब शूटिंग को एक बार फिर से खेलों में शामिल किया जाएगा। 2022 बर्मिंघम और 2026 ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स से शूटिंग को हटा दिया गया था, ऐसे में भारत में होने वाले इन खेलों में घरेलू निशानेबाजों को सामने आकर चमकने और ढेरों पदक जीतने का सुनहरा मौका मिलेगा। सिफ्त ने साई मीडिया से बातचीत में कहा, 'भारत के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि शूटिंग को गेम्स में शामिल किया जाएगा। यह हमारे निशानेबाजों के लिए शानदार मौका होगा कि वे अपनी प्रतिभा दिखाएं और देश के लिए पदक जीतें। मैं यह भी उम्मीद करती हूं कि इससे देश में खेलों का ढांचा और मजबूत होगा, जिससे नए खिलाड़ी आसानी से ट्रेनिंग कर सकेंगे।' 24 वर्षीय निशानेबाज़ ने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स देश की खेल संस्कृति पर बड़ा प्रभाव डालेंगे। 'जब लोग स्टेडियम में हमारे खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, तो वे प्रेरित होंगे और खेलों को अपनाने की सोच मजबूत होगी।' खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में सिफ्त ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में व्यक्तिगत रजत और टीम ब्रॉन्ज अपने नाम किया।

## पंजाब एफसी ने युवा खिलाड़ी मोहम्मद सुहैल के साथ बढ़ाया चार साल का करार

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने उभरते भारतीय अटैकर मोहम्मद सुहैल के साथ चार साल का करार विस्तार किया है, जिससे क्लब ने 2029 तक देश के सबसे रोमांचक युवा फुटबॉलरों में से एक को अपने साथ जोड़ लिया है। यह एक्सटेंशन क्लब के दीर्घकालिक विज़न और एलीट यूथ डेवलपमेंट में निवेश को मजबूती देने वाला बड़ा कदम माना जा रहा है। सुहैल की पंजाब एफसी के साथ यात्रा 13 साल की उम्र में शुरू हुई थी, जब उन्होंने ट्रायल्स में प्रभावित करने के बाद अकादमी जॉइन की। इसके बाद उन्होंने तेजी से प्रगति की। उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग में गोल्डन बॉल जीता। क्लब को नेशनल टाइटल जिताने में मदद की, सीनियर टीम में प्रमोशन पाया और भारत की अंडर 23 टीम में बहरीन और कतर के खिलाफ बेहतरीन गोलों के साथ अपनी पहचान बनाई। उनके 2024-25 आईएसएल अभियान में एक बड़ा माइलस्टोन भी शामिल था, जब वे लीग इतिहास में असिस्ट दर्ज करने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। कॉन्ट्रैक्ट एक्सटेंशन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मोहम्मद सुहैल ने कहा, 'पंजाब एफसी मेरे लिए घर जैसा रहा है, जिस दिन से मैं एक बच्चे के रूप में यहां आया था। यहां के कोच, स्टाफ और खिलाड़ी हर दिन मुझे बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

## पैर में फ्रैक्चर से स्पेन की स्टार फुटबॉलर बोनमती नेशंस लीग फाइनल से बाहर

**नई दिल्ली।** स्पेन की मिडफील्डर ऐताना बोनमती नेशंस लीग फाइनल के दूसरे चरण से बाहर हो गई हैं। ट्रेनिंग के दौरान उनकी बाईं फिबुला (पैर की हड्डी) में फ्रैक्चर हो गया था। बोनमती ने जर्मनी के खिलाफ खेले गए महिला नेशंस लीग फाइनल के पहले चरण में हिस्सा लिया था, जो 0-0 की बराबरी पर खत्म हुआ था। इसके बाद टीम दूसरे चरण की तैयारी कर रही थी, जो 2 दिसंबर को एस्टाडियो मेट्रोपोलितानो में खेला जाना है। रॉयल स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार रविवार को मेडिकल जांच के बाद पाया गया कि ऐताना बोनमती की बाईं फिबुला में फ्रैक्चर है। खिलाड़ी अब बार्सिलोना लौटेंगी और वहीं से अपनी रिकवरी शुरू करेंगी। 27 वर्षीय बोनमती के लिए यह चोट ऐसे समय आई है जब उन्होंने बेहद शानदार साल बिताया है। वह तीन बार विमेन्स बैलन ड'ओर जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं, बार्सिलोना को घरेलू ट्रेबल दिलाने में अहम भूमिका निभाई और स्पेन के साथ यूरो 2025 फाइनल तक पहुंचीं।

## साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन ने महिला कोरियोग्राफर से की सगाई

**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेट की स्टार ऑल-राउंडर क्लो ट्रायॉन ने हाल ही में अपने जीवन का एक अहम मोड़ साझा किया, जब उन्होंने सोशल मीडिया पर 'A Lifetime of Us' लिखे कैप्शन के साथ शादी की अंगूठी और सफेद दिल वाला इमोजी पोस्ट किया। यह घोषणा उनके खेल करियर की बड़ी उपलब्धियों के बीच एक खूबसूरत निजी खुशी लेकर आई। मिशेल नेटिवल जो एक प्रतिष्ठित कोरियोग्राफर, डायरेक्टर और कंटेंट क्रिएटर हैं, अब इस दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर की जीवन यात्रा में नया अध्याय बन चुकी हैं। उनकी यह घोषणा 2025 महिला ODI वर्ल्ड कप के रोमांचक समापन के तुरंत बाद सामने आई। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हुए 13वें ICC महिला ODI वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन खेल दिखाया। लॉरा वोल्वार्ड्ट की कप्तानी में टीम फ़ाइनल तक पहुंची, जहां नवी मुंबई के DY पाटिल स्टेडियम में भारत ने 52 रनों से जीत दर्ज की। हालांकि दक्षिण अफ्रीका खिताब से चूक गया, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में क्लो ट्रायॉन का योगदान शानदार रहा। उन्होंने 89.79 के स्ट्राइक रेट और 29.33 के औसत से 176 रन बनाए, जिनमें एक महत्वपूर्ण हाफ-सेंचुरी भी शामिल थी। बॉलिंग में भी वे उतनी ही प्रभावी रहीं, 4.95 की इकॉनमी और 37.16 के औसत से आठ इनिंग्स में छह विकेट अपने नाम किए।

# भारतीय रेलवे ने महिला क्रिकेटर प्रातिका रावल, स्नेह राणा और रेणुका सिंह ठाकुर को दिया प्रमोशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 2025 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम की तीन प्रमुख खिलाड़ियों प्रातिका रावल, स्नेह राणा और रेणुका सिंह ठाकुर को आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन देते हुए ग्रुप 'बी' अधिकारी-स्तर के पद ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी स्पोर्ट्स) पर पदोन्नत किया है। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान की सराहना के रूप में दिया गया है। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की इस पहल के तहत तीनों खिलाड़ियों को अब 7वें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स के लेवल-8 पर ग्रुप 'बी' राजपत्रित अधिकारी के समान वेतनमान और लाभ मिलेंगे। इससे उन्हें आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ प्रशासनिक भूमिकाएं भी सौंपी जाएंगी। पिछले महीने, केंद्रीय रेल, सूचना एवं




प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में आयोजित समारोह में तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया था।

प्रातिका रावलः दिल्ली की ओपनिंग बैटर और नॉर्दर्न रेलवे में वरिष्ठ क्लर्क के पद पर कार्यरत प्रातिका रावल को अब ग्रुप 'बी' राजपत्रित पद ओएसडी (स्पोर्ट्स) पर पदोन्नत किया गया है। उन्होंने विश्व कप अभियान में भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रेणुका सिंह ठाकुरःनॉर्दर्न रेलवे में जूनियर क्लर्क के पद पर तैनात रेणुका सिंह ठाकुर को भी ग्रुप 'बी' राजपत्रित पद ओएसडी (स्पोर्ट्स) पर प्रमोशन मिला है। दाएं हाथ की मीडियम-फास्ट गेंदबाज रेणुका ने टूर्नामेंट में कई निर्णायक मुकाबलों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

स्नेह राणाः उत्तराखंड की ऑलराउंडर स्नेह राणा, जो नॉर्दर्न रेलवे में कमर्शियल कम टिकट क्लर्क के पद पर कार्यरत थीं, अब ओएसडी (स्पोर्ट्स) के रूप में ग्रुप 'बी' अधिकारी बन गई हैं। उन्होंने बल्ले और गेंद, दोनों से टीम के लिए अहम योगदान दिया। भारतीय रेलवे लंबे समय से देश के खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता आया है और इसके खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।

## इतालवी टेनिस खिलाड़ी और दो बार के फ्रेंच ओपन विजेता निकोला पिएत्रांजेली का 92 वर्ष की उम्र में निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इतालवी टेनिस के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज नाम महान खिलाड़ी निकोला पिएत्रांजेली का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। हालांकि, मौत का कारण तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इटैलियन टेनिस फेडरेशन ने उनके निधन की घोषणा की। दिसंबर, 2024 में हिप फ्रैक्चर के बाद से उनकी सेहत में लगातार गिरावट बनी हुई थी। पिएत्रांजेली न केवल इटली के पहले ग्रैंड स्लैम विजेता थे, बल्कि वे उस दौर के सुपरस्टार भी थे, जब टेनिस को अभिजात वर्ग का खेल माना जाता था। अपनी करिश्माई पर्सनैलिटी, सिनेमा-जैसे लुक्स और बेहद खूबसूरत बैकहैंड की बदौलत उन्होंने टेनिस को इटली के घर-घर तक पहुंचाया। इटैलियन टेनिस फेडरेशन ने उन्हें 'इटली के टेनिस आंदोलन का पिता' कहते हुए श्रद्धांजलि दी।

1950 और 60 के दशक में पिएत्रांजेली क्ले कोर्ट पर बेमिसाल थे। उन्होंने 1959 और 1960 में फ्रेंच ओपन सिंगल्स, 1959 में डबल्स, और 1958 में मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता। 1960 के फ्रेंच ओपन फाइनल में उनका जज्बा आज भी टेनिस इतिहास का हिस्सा है–जब चिली के लुईस आयाला के लगातार ड्रॉप शॉट और लॉब के कारण उनके पैरों की त्वचा छिल गई, तब भी वे चोटिल पैरों पर ही पूरा मैच खेलकर जीत गए। पिएत्रांजेली ने अपने करियर में कुल 48 खिताब जीते, जिनमें 1957 और 1961 के रोम मास्टर्स भी शामिल हैं। हालांकि उनका सबसे बड़ा योगदान डेविस कप में माना जाता है, जहां उन्होंने 164 मैच खेले और 120 जीते, जो आज भी एक रिकॉर्ड है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने निजी कारणों से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। निर्णय पर बात करते हुए हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, 'भारतीय महिला हॉकी टीम की कोचिंग करना मेरे करियर का एक विशेष सम्मान रहा है। हालांकि व्यक्तिगत कारणों से मुझे पद छोड़ना पड़ रहा है, लेकिन मेरा दिल हमेशा इस शानदार टीम और इसकी आगे की सफलता के साथ रहेगा। मैं हॉकी इंडिया के साथ अपनी यात्रा को हमेशा याद रखूंगा और भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उनके प्रयासों का समर्थन करता रहूंगा।' हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा, 'हम हरेंद्र सिंह को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए धन्यवाद देते हैं। भारतीय हॉकी के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दुनिया भर में जानी



जाती है। हम जल्द ही एक उपयुक्त विकल्प की घोषणा करेंगे। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।' हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'हम हरेंद्र सिंह के योगदान और समर्पण की सराहना करते हैं। हम उन्हें आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हैं और यह सुनिश्चित करते रहेंगे कि भारतीय महिला टीम की क्वालिफायर की तैयारियां पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार ही जारी रहें।'

## 10वीं ऑल इंडिया एसएसकेएफ कराटे चैंपियनशिपः आरबी मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक, जीते 12 पदक

एजेंसी

**वाराणसी।** सेठ एम.आर. जयपुरिया, बाबतपुर कैंपस में 29-30 नवंबर 2025 को सम्पन्न 10वीं ऑल इंडिया एसएसकेएफ कराटे चैंपियनशिप में कनीन जुकु आरबी मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर कुल 12 पदक अपने नाम किए। विभिन्न वर्गों में उतरे नौ प्रतिभागियों ने 5 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य जीतकर अकादमी का परचम ऊंचा कर दिया। महिला वर्ग में खुशी मजूमदार और भूमि राय का प्रदर्शन सबसे अधिक प्रभावी रहा। खुशी ने काता में रजत पदक हासिल करने के बाद कुमिते में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण जीता। भूमि राय ने भी इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए काता में रजत और कुमिते में स्वर्ण पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग में सिद्धांत राय ने काता में स्वर्ण और कुमिते में कांस्य पदक लेकर अपनी बहुमुखी क्षमता का परिचय दिया। शुचय मिश्रा ने काता वर्ग में शानदार अंदाज में स्वर्ण पदक जीता, जबकि देवेंद्र राय ने कुमिते में स्वर्ण प्राप्त किया। सुमित



कुमार ने कुमिते में रजत तथा साहुल वर्मा और रवि घोष ने कांस्य अपने नाम किया। टीम के युवा खिलाड़ी अभिषेक भट्ट ने भी कुमिते में मजबूत प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में सेंसई संतोष सोनकर और सेंसई अभिषेक चौरसिया ने आधिकारिक भूमिका निभाई, जबकि टीम का मार्गदर्शन कोच शिवेश शर्मा ने किया। खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि से अकादमी में उत्साह का माहौल है और अभिभावकों ने पदक विजेताओं का स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

# केआईयूजी में तान्या चौधरी ने 64.29 मीटर थ्रो कर जीता हैमर थ्रो का स्वर्ण

एजेंसी

**जयपुर।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 के तीसरे दिन एथलेटिक्स स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की तान्या चौधरी सबसे बड़ा आकर्षण रहीं। तान्या ने महिलाओं की हैमर थ्रो में 64.29 मीटर का जोरदार थ्रो कर न सिर्फ स्वर्ण पदक जीता, बल्कि अपने ही बनाए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया मीट रिकॉर्ड भी स्थापित किया। यह उनका लगातार तीसरा केआईयूजी स्वर्ण है।

पंजाब यूनिवर्सिटी की हकीकत कौर ग्रेवा ने 51.90 मीटर थ्रो कर रजत पदक जीता, जबकि पंजाबी यूनिवर्सिटी की अमनदीप कौर ने कांस्य अपने नाम किया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को महिलाओं की शॉट पुट में भी स्वर्ण मिला, जहां शिक्ष्या ने 15 मीटर का बेस्ट थ्रो दर्ज किया। कुल 13 स्वर्ण के साथ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी चौथे स्थान पर पहुंच गई




है। उधर, पदक तालिका में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 30 स्वर्ण, 10 रजत और 12 कांस्य के साथ लगातार शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।

**स्प्रिंट इवेंट्स में कीर्थना और देशाई का जलवा**

शाम के सत्र में जैन यूनिवर्सिटी की कीर्थना ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 11.94 सेकंड में पूरी कर स्वर्ण पर कब्जा जमाया। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की टीना पारीक ने रजत और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी की समृति जमवाल ने कांस्य जीता। पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में शिवाजी यूनिवर्सिटी के रुशिप्रसाद देशाई सबसे आगे रहे। उन्होंने 10.53 सेकंड का समय निकालते हुए स्वर्ण हासिल किया। पुणे यूनिवर्सिटी के लौकिक मेलगे को रजत और सोमैया विद्याविहार के जय भोइर को कांस्य मिला।

**लंबी दूरी की दौड़ में नई प्रतिभाओं की चमक**

दिन की शुरुआत महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ से हुई, जिसमें रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की बुशरा खान ने 18:15.27 का समय लेकर पहला स्वर्ण जीता। पुरुषों की 5000 मीटर रेस में लालित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के त्रिलोक कुमार ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

**अन्य परिणामों में मुकाबलों का रोमांचः**डिस्कस थ्रो में मैंगलोर यूनिवर्सिटी के नागेंद्र अन्नप्पा नाइक, पोल वॉल्ट में यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास के रीगन गणेशन और लंबी कूद में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया यूनिवर्सिटी की दीपांशी सिंह ने स्वर्ण पर कब्जा किया। बीच वॉलीबॉल में वीएलएस इंस्टीट्यूट (महिला) और एसआरएम यूनिवर्सिटी (पुरुष) ने स्वर्ण जीते। फुटबॉल में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी और चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी महिला फाइनल में पहुंच गई हैं। हॉकी सेमीफाइनल में कीट यूनिवर्सिटी और आईटीएम यूनिवर्सिटी विजेता बनकर उभरीं। कुल मिलाकर, केआईयूजी राजस्थान 2025 के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड, रफ्तार और रोमांच की नई लकीरें खींचीं।

## मोनाल कप : सचिवालय ए और पैंथर्स ने जीते अपने-अपने मैच

एजेंसी



**देहरादून।** मोनाल कप 2025 में यहां महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में दो मैच खेले गए। पहला मैच सचिवालय ए और सुपर किंग्स के बीच खेला गया। सचिवालय ए ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 04 विकेट पर 197 रन बनाए। सागर कुमार ने शानदार 95 रन बनाए। नवीन रावत ने 02 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स की टीम 13.4 ओवरों में 82 रन पर ऑल आउट हो गई। आशुतोष विमल, राहुल जेटली और सागर ने 02-02 विकेट लिए। इस तरह सचिवालय ए ने मैच 115 रन से जीत लिया। सागर कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

ईगल्स बनाम पैंथर्सः दूसरा मैच ईगल्स और सचिवालय पैंथर्स के बीच खेला गया। ईगल्स पहले खेलते हुए 132 रनों पर ऑल आउट हो गई। भूपेंद्र बिष्ट ने शानदार 62 रन बनाए। विकास नेगी ने 05 विकेट लिए। सचिवालय पैंथर्स ने 14.5 ओवरों में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। प्रमोद नेगी ने 67 रन बनाए। सुशील बिष्ट ने 02 विकेट लिए। इस तरह पैंथर्स ने मैच 06 विकेट से जीत लिया। प्रमोद नेगी मैन ऑफ द मैच बने।

# राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर चैम्पियनशिप में अली, अशर, शोभित, अनुभव और बिलाल अगले दौर में

एजेंसी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बिलियर्ड्स और स्नूकर एसोसिएशन (यूपीबीएसए) के तत्वावधान में आयोजित राजा राम कुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप में प्रयागराज के अली जहेब, लखनऊ के अशर अबरार, शोभित चंद्रा, अनुभव शुक्ला और अलीगढ़ के बिलाल जैदी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बना ली है।

बिशप जॉर्ज स्कूल एंड कॉलेज में प्रतियोगिता के सातवें दिन प्रयागराज के अली जहेब ने लखनऊ के रोहित गंगवार को हराया। अली ने पहला फ्रेम 69-2 से जीता। रोहित ने वापसी करते हुए दूसरा फ्रेम 54-17 से और फ्रेम 57-46 से जीतकर 2-1 की बढ़त ले ली। अली ने शानदार वापसी करते हुए चौथा फ्रेम 57-53




जीतकर मैच को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। आखिरी फ्रेम में रोहित ने एक ब्राउन मिस कर दिया और अली को फ्रेम 63-49 से जीतने का मौका दे दिया।लखनऊ के अशर अबरार ने मोहम्मद वसीउल्लाह को 3-2 से हराया। पहले फ्रेम में वसीउल्लाह ने अशर के 39 के मुकाबले 63 स्कोर किया। अशर ने दूसरा फ्रेम एकतरफा करते हुए 84-1 अंक बनाये। वसीउल्लाह ने तीसरे फ्रेम में अच्छी वापसी की और उसे 64-53 से जीत लिया, लेकिन अशर ने अगला फ्रेम फिर से 70-21 से जीतकर मैच बराबरी कर ली। आखिरी फ्रेम में अशर ने 64-34 से जीत दर्ज करके वसीउल्लाह को 3-2 से हरा दिया। लखनऊ के शोभित चंद्रा ने प्रयागराज के मोहम्मद आमिर को 3-2 से हराया। अनुभवी शोभित ने अपनी क्यूइंग स्किल्स दिखाते हुए आमिर को 37-55, 87-31, 50-57, 68-10, 56-36 से हराया। लखनऊ के अनुभव शुक्ला ने प्रयागराज के पुष्पेंद्र सिंह को लगातार तीन फ्रेम 65-11, 51-11, 58-23 से हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। अलीगढ़ के बिलाल जैदी ने प्रयागराज के मोबिन खान को लगातार तीन फ्रेम 60-30, 50-43, और 56-32 से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की।

## हनुमानगंज एएस क्लब ने उद्घाटन मुकाबला जीता

एजेंसी

**प्रयागराज।** हनुमानगंज एएस क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को चार विकेट से हराकर यश हॉस्पिटल क्रिस्टल ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत में अंशुल विश्वकर्मा और वामहस्त स्पिनर सौरभ तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दौलत हुसैन मैदान पर सोमवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले मैच में टॉस जीतकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 29 ओवर में 117 रन (मोहम्मद हम्माद 32, अल्तमश 17, अब्दुल बासित 12, सौरभ तिवारी 5-20, मयंक यादव 3-11, अनुभव गुप्ता 2-13) बनाएम जवाब में हनुमानगंज एएस क्लब ने 16.2 ओवर में 6 विकेट पर 121 रन )अंशुल विश्वकर्मा 60, अब्दुल बासित 2-25, अरबाज खान, अबू रिमशा, मोहम्मद हम्माद व मोहम्मद आदिल एक-एक विकेट) बना लिए।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। पूर्व रणजी क्रिकेटर जावेद खान, कांग्रेस नेता सैयद शहाब विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता के संरक्षक डॉ. एके सक्सेना ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने धन्यवाद ज्ञापित और आयोजन सचिव परवेज़



आलम ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर वजाहत महमूद, मुजस्सर चौधरी, मोहम्मद जेब फारान, धीरेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## गाबा टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए बुरी खबर, पूरी तरह फिट नहीं है ओपनर बल्लेबाज

**नई दिल्ली।**ऑस्ट्रेलिया के ओपनर उस्मान ख्वाजा पूरी तरह फिट नहीं हैं, जबकि गाबा में दूसरे एशेज टेस्ट से सिर्फ तीन दिन पहले वे अपने घरेलू एशेज मैच खेलने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पिछले हफ्ते पीठ में चोट लगने के बाद पहली बार ओपनर का टेस्ट हुआ। cricket.com.au की रिपोर्ट के मुताबिक फिटनेस टेस्ट के दौरान डॉक्टरों ने पास के नेट पर उन पर कड़ी नजर रखी। ख्वाजा को एशेज के पहले मैच के दौरान पीठ में ऐंठन हुई और उन्हें इंग्लैंड की पहली पारी में देर से मैदान छोड़ना पड़ा। वे पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी बैटिंग नहीं कर पाए। गाबा आउटफील्ड पर हल्की रनिंग ड्रिल के बाद ख्वाजा पिंक बॉल से 30 मिनट के नेट सेशन के दौरान कभी-कभी असहज दिखे। उन्होंने सिर्फ असिस्टेंट कोच माइकल डि वेनुटो के थ्रो-डाउन का सामना किया और आसान प्रैक्टिस विकेट पर पुल शॉट की प्रैक्टिस की। ख्वाजा की रनिंग ड्रिल के बाद मेडिकल स्टाफ ने कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और सिलेक्टर जॉर्ज बेली से मुलाकात की जिसमें 40-मीटर स्प्रिंट और साइड-टू-साइड मूवमेंट शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया देखेगा कि ख्वाजा अपने कमबैक बैटिंग सेशन के बाद कैसा महसूस करते हैं। उनका मकसद है कि वह मंगलवार को मेन सेशन में और शायद बुधवार को अच्छी तरह से ट्रेनिंग करें।

# ऐतिहासिक रही है भारत की एएफसी अंडर-17 एशियन कप 2026 के क्वालिफिकेशन की कहानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल इस समय संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। घरेलू स्तर पर इंडियन सुपर लीग का भविष्य अनिश्चित है, तो वरिष्ठ राष्ट्रीय टीम भी 2027 एएफसी एशियन कप की क्वालिफिकेशन में असफल रही। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में देश के नन्हे सितारों ने भारतीय फुटबॉल को नई उम्मीद दी है। अंडर-17 टीम ने अहमदाबाद के ईकेए एरिना में ईरान को 2-1 से मात देकर सीधे 2026 एएफसी अंडर-17 एशियन कप के लिए जगह पक्की की।

ग्रुप डी में भारत का मुकाबला ईरान, लेबनान, फिलिस्तीन और चीनी ताइपे जैसे दमदार विरोधियों से था। चार मैचों में संघर्ष, निराशा, वापसी और ऐतिहासिक जीत के सफर ने इस क्वालिफिकेशन अभियान को यादगार बना दिया।

फिलिस्तीन बनाम भारतः आत्मविश्वास से भरी शुरुआत, लेकिन जीत हाथ से फिसली

अहमदाबाद में फिलिस्तीन के खिलाफ पहले मैच में भारत ने मजबूत शुरुआत की। दलालमुइन गांगटे, डायमंड सिंह थोखचोम और डेनी सिंह के नियंत्रण में मिडफील्ड रहा। आज़लान शाह और गुनलेइबा वांगखेइरकपम की तेज़ रफ्तार ने फिलिस्तीन की डिफेंस को बार-बार परेशान किया। पहले हाफ के अंत में आज़लान शाह के कॉर्नर पर मची अफरातफरी में शुबहम पूनिया ने मौका भांपकर गोल दाग दिया। हालाँकि, दूसरे हाफ में फिलिस्तीन ने वापसी की और 73वें मिनट में अमीर जोमह के व्यक्तिगत कौशल ने मैच 1-1 से बराबरी पर खत्म किया।पहले मैच में ड्रॉ के बाद भारत को जीत की सख्त ज़रूरत थी, और



कप्तान दलालमुइन गांगटे ने हैट्रिक लगाकर टीम को 3-1 से जीत दिलाई। शुरुआत कमजोर रही, जब महज़ चौथे मिनट में यांग हाओ-हेई ने चीनी ताइपे को बढ़त दिला दी। लेकिन भारत ने संयम और रणनीति के साथ खेलते हुए 32वें मिनट में बराबरी हासिल की। दूसरे हाफ में भारत ने पूर्ण नियंत्रण दिखाया और गांगटे ने 77वें और 79वें मिनट में दो शानदार गोल दागकर मैच को अपने नाम किया। लगातार सुधार के बाद भारत से लेबनान के खिलाफ अच्छे परिणाम की उम्मीद थी, लेकिन 0-2 की हार ने झटका दिया। एंटोनी अस्साफ और पॉल माकरौन के दो गोलों ने भारत को रक्षात्मक कमजोरियों का एहसास कराया। गुनलेइबा वांगखेइरकपम ने एक बेहतरीन मौका बनाया, लेकिन गोलकीपर जेसन फिनियानोस ने उनकी कोशिश को नाकाम किया। इस हार के बाद स्थिति साफ थी–भारत को आखिरी मुकाबले में ईरान को हराना ही होगा। अंतिम मुकाबला था 'करो या मरो'। ईरान को केवल ड्रॉ चाहिए था, भारत को जीत। 19वें मिनट में अमीरेज़ा वालीपूर के गोल ने भारत की चुनौती को और कठिन बना दिया। हाफ टाइम से ठीक पहले हीरंगनबा सेरम पर फाउल हुआ, और कप्तान गांगटे ने दबाव में ढलकर पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही 52वें मिनट में अमिर्महन अफरूज़ियानी की गलती का फायदा उठाते हुए गुनलेइबा वांगखेइरकपम ने भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्षणों में ईरान ने पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने अद्भुत धैर्य और साहस के साथ अपनी बढ़त बचाए रखी। पूरे अभियान में यदि कोई खिलाड़ी सबसे अधिक चमका, तो वह थे कप्तान दलालमुइन गांगटे।



# सर्दियों में डैंड्रफ की समस्या से हैं परेशान तो आजमाएं ये 5 हेयर पैक

सर्दियां आ गई हैं और इस समय सबसे अहम बात है अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना। कई लोग इस मौसम में बीमार पड़ जाते हैं। उसी के साथ समस्या होती है स्किन और बालों से जुड़ी। स्किन खुश्क हो जाती है और बालों में रूसी की समस्या हो जाती है। ऐसे समय में कितने भी प्रोडक्ट्स इस्तेमाल कर लिए जाएं कोई परमानेंट उपाए नहीं मिलता है। अब अगर आपको नैचुरल इंग्रीडियंट्स चाहिए हैं तो कुछ बनाने में आसान हेयर पैक्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। ये कैमिकल प्रोडक्ट्स नहीं होते हैं और ये हेयर पैक खास तौर पर सर्दियों के समय बालों से रूसी हटाने के काम आते हैं।

## अंडे का हेयर पैक

क्या आपको कुछ आसान और असरदार तरीका चाहिए जिससे ड्राई हेयर की समस्या और डैंड्रफ की समस्या दोनों ही हट जाएं, तो अंडे और नींबू से बना एक खास हेयर मास्क आपके लिए है। इस हेयर पैक में प्रोटीन की मात्रा काफी ज्यादा होती है और साथ ही साथ नींबू PH बैलेंस सही रखता है और अंडों की मदद से बाल सॉफ्ट रहते हैं।

### कैसे करना है इस्तेमाल

एक कटोरी में 1 अंडा लीजिए और उसे फेंट लीजिए। उसमें आधा नींबू निचोड़ें। इसे स्कैल्प पर मसाज करें और 30 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। इसके बाद एंटी-डैंड्रफ शैम्पू से बाल धो लीजिए। रूसी पर असर पड़ेगा।

## दही का इस्तेमाल

अगर आप डैंड्रफ के साथ हेयर फॉल की समस्या से भी पीढ़ति हैं तो आप अकेली नहीं हैं। बहुत से लोग आपके साथ हैं और इस समस्या को दूर करने के लिए आप कई तरह के उपाय कर सकती हैं उनमें से एक है नींबू और दही के इस्तेमाल वाला ये हेयर पैक। दही में कई नैचुरल तत्व होते हैं जिससे डैंड्रफ कम होता है और बालों के झड़ने की समस्या भी कम होती है।

### कैसे करना है इस्तेमाल-

दो चम्मच दही में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसे पूरे बालों और स्कैल्प पर लगाएं। 30 मिनट तक रहने दें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें।

## चाय पत्ती का कमाल

ड्राई हेयर के साथ-साथ आपके स्कैल्प में बहुत ज्यादा रूसी हो रही है तो चाय पत्ती से बने हेयर पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। चाय पत्ती और नींबू के कॉम्बिनेशन से आप अपने डैंड्रफ से छुटकारा पा सकती हैं और ये सिर्फ 1 हफ्ते में ही हो जाएगा।

### कैसे करना है इस्तेमाल

दो चम्मच चाय पत्ती को आधे कप गर्म पानी में डालें। अब थोड़ी देर में इसे छान लें और इसमें 1 चम्मच नींबू का रस मिला लें। अब इसे अपने स्कैल्प पर लगाएं और इसे 20 मिनट रहने दें। इसे साधारण पानी से धो लें। आप चाहें तो बिना छाने भी इसे इस्तेमाल कर सकती हैं। थोड़ी महीन चाय लेने की कोशिश करें।

## शहद की खूबियां

अगर आपको भी ऐसी समस्या है जिसमें कंधों पर काफी सारी रूसी इकट्ठा हो जाती है तो ये शहद वाला हेयर पैक काफी काम का है। इस हेयर पैक की मदद से आप डैंड्रफ से छुटकारा पा सकती हैं और साथ ही साथ ये हेयर पैक आपके बालों को स्मूथ भी बनाएगा। नींबू तो आपके बालों के लिए एंटी फंगल साबित होता ही है। तो शहद और नींबू से बनने वाले इस हेयर पैक का इस्तेमाल करें।



### कैसे करना है इस्तेमाल

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 1 चम्मच नींबू के जूस में तीन चम्मच शहद मिलाना होगा। इसी के साथ, मास्क अपने बालों के स्कैल्प पर लगाएं। इसे 20 मिनट तक रहने दें, फिर अपने बालों को उसी तरह से धोएं जैसे आप पहले करती रही हैं। इसे हफ्ते में दो बार करें और पाएं डैंड्रफ से मुक्त स्कैल्प।

## सरसों के तेल का कमाल

सरसों के तेल के फायदे क्या-क्या हैं इसके बारे में तो आप जानती ही होंगी। ये कई समस्याओं के लिए रामबाण इलाज साबित होता है। बालों और स्किन की समस्याओं के लिए ये काफी अच्छा होता है। क्योंकि ये सरसों का तेल भारत में आसानी से उपलब्ध होता है इसलिए आप अपने हेयर केयर रूटीन में इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कैसे करना है इस्तेमाल

नींबू के रस की कुछ बूंदे सरसों के तेल में मिलाएं और इसे अपने बालों में लगाएं। इसे लगाने के 1 घंटे बाद सिर वैसे ही धो लें जैसे धोती आई हैं। इसे 1 घंटे से ज्यादा नहीं रखें सिर में, क्योंकि इससे हेयर फॉल की समस्या भी हो सकती है।

## रेसिपी



### गोलगप्पे

**सामग्री**

- इमली- 100 ग्राम
- नमक- स्वादानुसार
- काला नमक- स्वादानुसार
- जीरा पाउडर- ½ चम्मच भुना हुआ
- पंचफोरन- द चम्मच
- सूखी लाल मिर्च- 2-3
- गुड़ या चीनी- 200 ग्राम
- चिरौंजी- ½ चम्मच किशमिश- 8-10 दाने
- तेल- ½ चम्मच

**विधि**

इमली की खट्टी-मिठी चटनी बनाने के लिए सबसे पहले पैन में तेल गर्म करें और इसमें पंचफोरन डालें। जब पंचफोरन तेल में गर्म हो जाए तब उसमें सूखी लाल मिर्च डालें। अब इमली का गूदा पैन में डाल दें। गुड़/चीनी भी इसमें मिला दें। गुड़ या चीनी की मात्रा अपने स्वाद के हिसाब से भी आप घटा या बड़ा सकते हैं। गुड़ के छोटे- छोटे टूकड़े करके डालें वरना गलने में समय लगेगा। अब इसमें ऊपर लिखी बाकी सारी सामग्री भी डाल दें। चटनी बनाने के लिए इन सबको अच्छे से पैन में मिलाएं। लगभग 5 मिनट धीमी आंच पर चटनी को पकने के लिए छोड़ दें बीच-बीच में इसे हिलाते रहें। 5 मिनट बाद इमली की चटनी में ऊपर से चिरौंजी और किशमिश डालें। इमली की खट्टी-मीठी चटनी दही भल्लों पर डालकर खाने के लिए तैयार है। आप इसे किसी भी इंडियन स्नैक्स और परांठों के साथ भी खा सकते हैं। ध्यान रखें- इमली की खट्टी-मीठी को आप पहले से बनाकर भी रख सकते हैं इसे आप 2 महीने तक फ्रिज में एयर टाइट डिब्बे में बंद करके रखें ये खराब नहीं होगा।



### सौंफ आलू

**सामग्री**

- आलू- 5
- दरदरा सौंफ- 2 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 2 चम्मच
- हल्दी पाउडर- 1 चम्मच
- दूध- 1/2 कप
- नमक- स्वादानुसार
- तेल- 2 चम्मच
- बरीक कटी धनिया पत्ती- 4 चम्मच

**विधि**

आलू को धोकर छिलके के साथ बीच से काट लें। कुकर में तेल गर्म करें और उसमें दरदरा सौंफ डालें। उसके साथ ही कुकर में हल्दी पाउडर, नमक और लाल मिर्च पाउडर डालें। जब सौंफ का रंग सुनहरा हो जाए तो आलू के टुकड़ों को कुकर में डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। चार से पांच मिनट बाद कुकर में आवश्यकतानुसार पानी डालें। कुकर का ढक्कन बंद करें और दो सीटी लगाएं। गैस ऑफ करें और कुकर का प्रेशर अपने-आप निकलने दें। अब कुकर में दूध डालकर मिलाएं। आलू के टुकड़ों को हल्का-सा मैश कर दें ताकि ग्रेवी गाड़ी हो जाए। पांच से सात मिनट तक सब्जी को और पकाएं। धनिया पत्ती से सजा कर पेश करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी ङ्घचता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्घचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## काकुरो पहेली - 2666



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 2665 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली- 'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले-'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली-'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूँ.'

□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा-'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूँ, वह एक ही जवाब देता है-'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2666



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजवेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी ?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौन थी ?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2665



## सूडोकु - 2666

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2665 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली -2666



**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -2665 का हल



सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी